दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली I I शुक्रवार 12 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 273 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

### अफसरों को दिये निर्देश- पूरी तैयारी रखें... कोई भूखा न रहे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित जिला श्रावस्ती का दौरा किया और बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की। उन्होंने राहत शिविरों का भी जायजा लिया।

श्रावस्ती जिले में आई बाढ़ व कटान का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार जमुनहा पहुंचे। जहां राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस में छह व सात जुलाई की रात रेस्क्यू कर बचाई गई रेखा देवी व फ्लड पीएसी के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही बाढ़ में डूबे चार परिवारों को राहत चेक व बाढ़ प्रभावितों को बाढ़ राहत किट प्रदान किया। इस दौरान मोटर बोट से नदी के दूसरे तरफ जाकर बाढ़ प्रभावितों से मिल कर उनका हाल भी जाना। जमुनहा गेस्ट हाउस पहुंचे मुख्यमंत्री ने छह व सात जुलाई की रात भरथापुर के निकट परवल के खेत की रखवाली करने गई किशोरियां व महिलाओं सहित 11 लोग राप्ती के बाढ़ में घिर गए थे। इस दौरान मोबाइल से प्रशासन से संपर्क कर सभी को



सुरक्षित निकालने में सहयोग करने वाली रेखा देवी, पथ प्रदर्शक राम उजागर, फ्लड पीएसी के सोनू कुमार, अमरेश कुमार सरोज, शुभम सिंह, सतीश कुमार व मनोज कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही इन्हें बाद में अलग से सम्मानित करने व जिनके पास आवास नहीं है उन्हें आवास देने की बात कही। इस दौरान बाढ़ के पानी में डूबे केवटन पुरवा निवासी लालजी पुत्र डेवा व चेतराम पुत्र फकीर तथा नौखान में डूबी सेहनिया निवासी शाहजहां पुत्री अकबर व जैनब उर्फ निबरी पुत्री मोहर अली के परिजनों को चार चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इसके साथ ही शिकारी चौड़ा के बुद्धी, भोला, हरिहरपुर कानपुर पिपरहवा कोठी के छेदू व महंगू, वीरपुर लौकिहा के नादिर व जगदीश प्रसाद, जोगिया के राजेंद्र प्रसाद, रीता देवी, रामदयाल व शांति देवी सहित 100 बाढ़ पीड़ितों को राहत किट प्रदान किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में 33 तहसील, 633 गांव व 17 लाख 97 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में आई है। जहां 18 हजार से अधिक पशु व एक लाख 45 हजार हेक्टेअर कृषि भूमि अचानक जलप्लावन के कारण प्रभावित हुई है। सभी गांवों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी व स्थानीय स्तर पर नौकाओं की व्यवस्था की गई है।

1033 बाढ़ चौकी स्थापित कर वहां बाढ़ पीड़ितों को रखा जा रहा है। जिनके घर में पानी भर गया है। उन्हें रेस्क्यू करने की व्यवस्था की गई है। श्रावस्ती में 116 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

जहां पंद्रह गांवों में कटान हुई है। 76 हजार आबादी व 23500 हेक्टेअर कृषि भूमि प्रभावित है। बचाव राहत के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व फ्लड पीएसी के साथ नाव आदि की व्यवस्था की गई है। जिले में चार जनहानि हुई है। पहले से व्यवस्था थी जो भी गांव व व्यक्ति बाढ़ की चपेट में आए हैं। उनके लिए राहत पैकेट की व्यवस्था है।

## नदियापार से शहर सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा के इन चेहरों की भी मानी जा रही है दावेदारी

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश की खाली हुईं विधानसभा सीटों पर कभी भी उपचुनावों का ऐलान हो सकता है। खाली विधानसभा के क्रम में गाजियाबाद की शहर विधानसभा भी है। गाजियाबाद के सदर विधायक अतुल गर्ग चूंकि अब सांसद निर्वाचित हो चुके हैं इसलिए इस सीट पर भी उपचुनाव होना है। हालांकि अभी उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई है लेकिन गाजियाबाद शहर सीट पर उपचुनाव में टिकट मांग रहे नेता सक्रिय हो गए हैं। इस सीट पर नदियापर के दावेदार भी लाइन में लगे बताये जाते हैं। हालांकि जिन चेहरों का नाम दावेदारी में है वो खुद दावेदारी का ऐलान नहीं कर रहे है लेकिन उनका नाम है और कुछ चेहरे है जो खुलकर टिकट मांग रहे हैं।

### महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी माने जा रहे हैं शहर सीट पर प्रमुख दावेदार



करंट क्राइम। शहर सीट पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा टिकट के प्रमुख दावेदार माने जाते हैं। हालांकि किसी प्रकार की दावेदारी से इंकार कर रहे हैं और उनका कहना है कि संगठन के निर्देश सर्वोपरि हैं। लेकिन दावेदारी में उनक नाम चलता है। भाजपा संगठन के बड़े वरिष्ठ नेताओं से भी संजीव शर्मा तालमेल अच्छा बताया जाता है। संजीव शर्मा भाजपा के दो बार से महानगर अध्यक्ष बने हुए हैं। उन्हें लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दे चुके हैं। कार्यकर्ता उन्हें प्यार से कमांडर बुलाते हैं और उनकी कप्तानी में भाजपा यहां सारे चुनाव जीती है और कई सफल आयोजन संजीव शर्मा के नाम हैं।

### पूर्व चेयरमैन रीना भाटी की भी है शहर सीट पर दावेदारी



करंट क्राइम। खोड़ा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने गाजियाबाद शहर सीट पर दावेदारी की है। उन्होंने कहा कि 2012 से भाजपा में पूरी निष्ठा से काम कर रही हूं। बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी से लेकर खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन की जिम्मेदारी निभाई है। यदि उन्हें संगठन शहर सीट पर उपचुनाव लड़ने की जिम्मेदारी देगा तो वह उसे निभाएंगी। रीना भाटी सक्रिय रूप से भाजपा की राजनीति कर रहीं हैं और ये चेहरा शहर सीट पर महिला चेहरे के रूप में मजबूत दावेदारी कर रहा है। गुर्जर समाज से आती हैं और उनकी दावेदारी भी मजबूत मानी जा रही है।

### पूर्व पार्षद मीना भंडारी भी हैं शहर सीट पर दावेदार



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद मीना भंडारी ने शहर सीट को लेकर कहा है कि वह पूरी तरह से शहर सीट पर प्रत्याशी के रूप में टिकट मांग रही हैं। उन्होंने कहा मैं प्रदेश में भी कई नेताओं से मिली हूं, मीना भंडारी ने बताया मैं भाजपा की जमीनी कार्यकर्ता हूं। महानगर अध्यक्ष से लेकर पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष तक काम किया है। लोकसभा में भी नुक्कड़ सभा की मैं प्रभारी थी, अब पूरी तरह से शहर सीट पर मेरी दावेदारी है।

### विजेंद्र चौहान ने भी शहर सीट पर की दावेदारी



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हं वहै 1980 से भाजपा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि सन 2000 से 2023 तक पार्षद रहे हैं इसलिए वरिष्ठ कार्यकर्ता को टिकट दिया जाता है तो उसमें बिजेंदर चौहान का नाम आना चाहिए। बिजेंदर चौहान ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ता को ही टिकट मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ नेताओं से भी संपर्क किया है शहर सीट पर चुनाव लड़ने के लिए।

### वार्ड-97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने की दावेदारी



करंट क्राइम। शहर सीट से उपचुनाव को लेकर वार्ड-97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल भी दावेदार हैं। उन्होंने बताया कि दो बार से नगर निगम पार्षद हैं, एक बार नॉमिनेट पार्षद रहे हैं। श्रीभगवान अग्रवाल की भारतीय जनता पार्टी में 44 वर्ष की निरंतर सक्रियता के दौरान जितने भी चुनाव हुए हैं सभी में उनके द्वारा बढ़-चढ़कर विशेष रूप से भूमिका निभाई गई है। सन 1980 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली इसके बाद आज तक लगातार अपनी सक्रियता को कायम रखा है।

### सरदार सिंह भाटी का कहना है अगर पार्टी करेगी आदेश तो लड़ेंगे चुनाव



करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी शहर सीट से राजपूत चेहरे की चर्चा हो तो पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी का नाम सामने आता है। भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकताओं में सरदार सिंह भाटी की गिनती होती है और वह हमेशा सक्रिय रूप से राजनीति करते हैं। जब शहर सीट पर उपचुनाव को लेकर भाजपा दावेदारी पर सरदार सिंह भाटी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि संगठन और शीर्ष नेताओं का जो आदेश होगा वह उस आदेश को मानने को तत्पर हैं और वरिष्ठों का आदेश सर्वप्रथम मान्य है। सरदार सिंह भाटी ने कहा कि उनकी भी दावेदारी है और सबसे बड़ी बात यह है कि यदि पार्टी आदेश करेगी तो वह चुनाव मैदान में आयेंगे। वह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं। अगर उन्हें टिकट नहीं भी मिलता है तो भी वह भाजपा के वफादार सिपाही बनकर ही कार्य करेंगे।

## भाजपा की चुनावी रणनीति शहर सीट पर कितनी होगी फलित

### अगर सपा कांग्रेस ने मैदान में उतार दिया जनरल सीट पर उम्मीदवार दलित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं। उन्होंने अयोध्या जैसी महत्वपूर्ण सीट जीती है और कई सीटों पर जबरदस्त टक्कर दी है। भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रही है लेकिन उसकी मंथन चिंतन बैठकों में




लगातार कम वोट को लेकर सवाल उठ रहे हैं और वो नए सिरे से रणनीति बना रही है। इसका पता इसी से लगता है कि उसने दस विधानसभा सीटों पर 30 मंत्री लगाये हैं। यानी एक विधानसभा सीट पर भाजपा ने अपने 3 मंत्री उतारे हैं।

जिन दस सीटों पर चुनाव होना है उनमें गाजियाबाद शहर सीट भी शामिल है। अब सवाल यही है कि यहां भाजपा की चुनावी रणनीति क्या रहेगी। भाजपा लगातार दो योजनाओं से शहर सीट पर काबिज है। अतुल गर्ग लगातार दूसरी बार यहां से विधानसभा का चुनाव जीते और अब वो लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। भाजपा के लिए यह उसकी विनिंग सीट है और वो इसे किसी भी कीमत पर हाथ से नहीं जाने देना चाहेगी। इसके लिए उसके तीन मंत्री यहां लगाये गये हैं। सवाल ये है कि भाजपा की चुनावी रणनीति कितनी फलित होगी अगर यहां सपा या कांग्रेस ने दलित उम्मीदवार उतार दिया। शहर विधानसभा सीट पर दलित वोटों की संख्या काफी बतायी जाती है और ये वोट अगर एक मुश्त किसी भी उम्मीदवार को मिल गये तो वह चुनावी वैतरणी पार कर लेगा। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर फोकस कर रहे हैं कि अगर जनरल सीट पर विपक्ष का उम्मीदवार दलित समाज से आ गया तो भाजपा की रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

### कर चुकी है पहले शहर सीट पर ये प्रयोग

करंट क्राइम। जिस बात की आशंका जताई जा रही है। वह प्रयोग सपा पहले कर चुकी है। जब भाजपा के केके शुक्ला बागी होकर बसपा से चुनाव लड़े तो यहां सपा ने जनरल सीट पर विशाल वर्मा को उम्मीदवार बनाया था। सपा का ये प्रयोग सफल रहा था। उसे चुनाव में जीत भले ही नहीं मिली थी मगर उसने यहां भाजपा के सामने बड़ी चुनौती पेश की थी और बसपा का हाथी तीसरे नंबर पर और कांग्रेस का हाथ चौथे नंबर पर आ गया था। लिहाजा राजनीति में नए प्रयोग कर रहे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इस उपचुनाव में क्या प्रयोग करते हैं। ये देखना रोचक होगा।

### आजाद समाज और नीले हाथी से भाजपा को कितनी उम्मीद

करंट क्राइम। प्रेक्टिकली भाजपा का ये कहना होगा कि वो अपनी रणनीति पर चुनाव लड़ेगी। वो विकास के नाम पर वोट मांगेगे। वो राष्ट्रवाद के नाम वोट मांगेंगे लेकिन भाजपा की चुनावी रणनीति वाली टीम उन चेहरों पर निगाह रखेगी जो एक दूसरे के वोट काटेंगे। वोटों का ये विभाजन ही भाजपा को उपचुनाव में आक्सीजन देगा। यहां पर आजाद समाज पार्टी की केतली में वोटों का कितना उबाल आता है और नीला हाथी कितने वोट ले पाता है इस पर भी पूरा खेल टिका है। अगर ये वोट आपस में बंटते हैं तो इसका लाभ भाजपा को मिलता है। बहरहाल अभी चुनावी बिसात बिछनी बाकी है। उम्मीदवार आने बाकी हैं।

## प्रदीप चौहान ने रख दिया प्रभारी मंत्री के सामने बड़ा सवाल

### मंच से कहा कार्यकर्ता को नहीं देते हैं अधिकारी सम्मान, इसका रखा जाये ध्यान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अधिकारी नहीं सुन रहे हैं, अधिकारी तवज्जों नहीं देते हैं ये शोर सरकार की पिछली पारी मे भी रहा और इस पारी में भी है। लोकसभा चुनावों के बाद प्रभारी मंत्री असीम अरूण जब गाजियाबाद आये तो कार्यकताओं ने अपने मन की पीड़ा उनके सामने रखी। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान ने यहां माईक थामा और मंच से एक बड़ा सवाल प्रभारी मंत्री के सामने रखा। उन्होंने कहा कि अधिकारी बिल्कुल निंकुश हो चुके हैं। मंडल अध्यक्ष अगर परिचय देता है तो जवाब




होता है हां बता। अरे भाजपा का मंडल अध्यक्ष अपना परिचय दे रहा है तो इज्जत की अपेक्षा भी करता है। अधिकारी सम्मानपूर्वक बैठने को कह सकते हैं अपनी बात बताने को कह सकते हैं। प्रदीप चौहान ने कहा कि कई बार ऐसा लगता है कि सरकार हमारी है लेकिन प्रशासन और पुलिस समाजवादी है। यहां पर उन्होंने एक तरीके से सभी कार्यकताओं के मन की पीड़ा को रखा। प्रदीप चौहान ने कहा कि हम आपके साथ फोटो खिंचवा लें और अधिकारी हमें पहचानने से भी इंकार करे, ये बड़ी विकट स्थिति है।

अगर भाजपा नेता परिचय दे रहे हैं तो अधिकारियों को सम्मान करना चाहिए। प्रदीप चौहान प्रभारी मंत्री के सामने पूरी तरह से फार्म में नजर आये। उन्होंने किसी एक अधिकारी की आलोचना नहीं की और किसी एक कार्यकर्ता के लिए नहीं कहा। उन्होंने कार्यकताओं की सामुहिक पीड़ा रखी और अधिकारियों के ग्रुप बिहेव को बताया।

## चुनावों में ना जातिवाद, ना परिवारवाद, केवल कार्यकर्तावाद चलना चाहिए : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर भाजपा गाजियाबाद विधानसभा सीट पर अपनी जीत सुनिश्चित करना चाहती है तो उसे जनता में सबसे लोकप्रिय अपने कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाना चाहिए। अब चाहे किसी जाति का क्यों न हो। जिस उम्मीदवार के लिए भाजपा के अधिकतम कार्यकर्ता सहर्ष चुनाव में जिताने के लिए लग जाएं, उस उम्मीदवार को कोई जीतने से नहीं रोक सकता। भाजपा की एक समस्या है, इसमें कार्यकर्ताओं की भरमार है और सभी को महत्वाकांक्षा पालने की छूट है। पहले समय में तो संगठन मंत्री कई लोगों को कह देते थे, अभी तो आये हो, कुछ दिन पार्टी की सेवा तो करो। अब तो पहले ही दिन महत्वाकांक्षा जगाकर ही पार्टी में जोड़ा जाने लगा है। इसलिए उम्मीदवार के लिए चुनावों में काम करने वाले

**जिस उम्मीदवार के लिए भाजपा के अधिकतम कार्यकर्ता सहर्ष चुनाव में जिताने के लिए लग जाएं, उस उम्मीदवार को कोई जीतने से नहीं रोक सकता।**

**जितने उम्मीदवार टिकट मांग रहे हैं, वे सब अपनी जाति की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं। सच बात तो यह है कि जातिवाद अखबारों की खबरों से कितना फैलता है, इसका असेसमेंट तो मेरे पास नहीं है लेकिन टिकट मांगने वाले जातिवाद का पूरा बिगुल फूंक देते हैं।**

**अभी लोकसभा चुनावों में एक बड़े पदाधिकारी जाति के आधार पर टिकट मांग रहे थे और जोर-शोर से ठाकुर सीट होने का दावा कर रहे थे। अपने समाज के बड़े-बड़े ग्रुप्स टिकट मांगने के लिए भेजे। लेकिन जब टिकटों का बंटवारा हो गया और बड़ी तेज चर्चा हुई कि ठाकुर समाज में नाराजगी है, तब वे एक दिन भी पार्टी के उम्मीदवार के लिए अपनी बिरादरी में नहीं आये।**

**गाजियाबाद मेट्रोपोलिटन सिटी है, यहां जातियों का उस तरह से महत्व नहीं है जिस तरह से अन्य स्थानों पर होता है।**



**मैंने लोकसभा चुनाव में एक ऐसे नेता को देखा जो अपनी फेसबुक पर लिखता था कि त्यागियों, सैनियों और ठाकुरों की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। लेकिन आजकल वह रोज फेसबुक पर केंद्रीय मंत्रियों को बधाई दे रहा है। वह भाजपा के आईटी प्रमुख अमित मालवीय से भी आगे निकलकर राहुल को ललकार रहा है। ऐसे आत्मघाती कार्यकर्ताओं ने भाजपा का बहुत नुकसान किया है।**

कार्यकर्ताओं की संख्या कम पड़ जाती है। जितने उम्मीदवार टिकट मांग रहे हैं, वे सब अपनी जाति की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं। सच बात तो यह है कि जातिवाद अखबारों की खबरों से कितना फैलता है, इसका असेसमेंट तो मेरे पास नहीं है लेकिन टिकट मांगने वाले जातिवाद का पूरा बिगुल फूंक देते हैं। अभी लोकसभा चुनावों में एक बड़े पदाधिकारी जाति के आधार पर टिकट मांग रहे थे और जोर-शोर से ठाकुर सीट होने का दावा कर रहे थे। अपने समाज के बड़े-बड़े ग्रुप्स टिकट मांगने के लिए भेजे। लेकिन जब टिकटों का बंटवारा हो गया और बड़ी तेज चर्चा हुई कि ठाकुर समाज में नाराजगी है, तब वे एक दिन भी पार्टी के उम्मीदवार के लिए अपनी बिरादरी में नहीं आये।

ना जातिवाद, ना परिवारवाद, केवल कार्यकर्तावाद चलना चाहिए और वह भी कर्मठ कार्यकर्तावाद चलना चाहिए। सेवाभावी पायेगा, हवाहवाई जाएगा। मेयर के चुनावों में तेलूराम कम्बोज और विधायक के चुनावों में मैं स्वयं इसका उदाहरण हैं। इतनी बड़ी संख्या में और उत्साह से कार्यकर्ता पहले कभी नहीं लगे। गाजियाबाद मेट्रोपोलिटन सिटी है, यहां जातियों का उस तरह से महत्व नहीं है जिस तरह से अन्य स्थानों पर होता है। पैसा भी महत्वपूर्ण नहीं है। जब कार्यकर्ता लगता है तो साधन भी जुटा लेता है। मैं पांच चुनाव लड़ा, मेरे पास तो कभी जमानत के पैसे भी नहीं थे लेकिन कार्यकर्ताओं ने, समर्थकों ने, प्रशंसकों ने, मिलने वालों ने, रिस्तेदारों और यार दोस्तों के बल पर सब व्यवस्था हो जाती थी। जब तेलूराम जी को मेयर का चुनाव लड़ाया था तब भी कई लोग कहते थे कि पैसा कहां से आएगा? लेकिन चुनाव में न तो पैसे की कमी हुई और जीत भी सुनिश्चित हुई। पैसे वाले लोग और जातिवादी लोग अपने दुष्प्रचार से अच्छे कार्यकर्ता और गरीब कार्यकर्ता को पहले ही लड़ाई से बाहर करने के लिए ऐसे तर्कों से राह में रोड़े अटकाते हैं। मैंने लोकसभा चुनाव में एक ऐसे नेता को देखा जो अपनी फेसबुक पर लिखता था कि त्यागियों, सैनियों और ठाकुरों की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। लेकिन आजकल वह रोज फेसबुक पर केंद्रीय मंत्रियों को बधाई दे रहा है। वह भाजपा के आईटी प्रमुख अमित मालवीय से भी आगे निकलकर राहुल को ललकार रहा है। ऐसे आत्मघाती कार्यकर्ताओं ने भाजपा का बहुत नुकसान किया है। हमारा उम्मीदवार हार जाए और मोदी सरकार बन जाए ऐसी सदिच्छा रखने वाले नेताओं से भाजपा को बचाने के लिए अपने कर्मठ, निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ता के बल पर किसी भी परिस्थिति में चुनाव जीतना सम्भव है। गाजियाबाद में भाजपा की वोटों में कमी नहीं है, बस कार्यकर्ता उत्साह और मन से चुनाव में लग जाय तो जीत सुनिश्चित है। और यह परिस्थिति एक कर्मठ और जनता के बीच सक्रिय उम्मीदवार को लाकर उत्पन्न की जा सकती है।

## न्यूज डायरी

### शादी के पांच दिन बाद विवाहिता प्रेमी संग फरार

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक गांव की युवती शादी के पांच दिन बाद ही प्रेमी संग फरार हो गयी। आरोपी प्रेमी रिश्तेदार है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी व गायब विवाहिता को बरामद करने में जुटी है। कादराबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की पांच दिन पूर्व ही शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल जाकर जब वह मायके लौटी तो इस बीच वह गायब हो गयी। परिजनों ने उसे काफी तलाशा,लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में पता चला कि उसका एक रिश्तेदार मेरठ के जागृति बिहार निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पीड़ित पक्ष ने उसके खिलाफ विवाहिता को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

### पहल एक प्रयास संस्था ने लगाये छः हजार पौधे

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** धरती को हरा-भरा व स्वच्छ पर्यावरणयुक्त बनाने वाली सामाजिक संस्था पहल की ओर से अब तक छः हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। संस्था के पदाधिकारी मनोज जैन व संजय अग्रवाल ने डॉ0 सतीश त्यागी व डॉ0 सरिता त्यागी की इस पहल की सराहना की है। उन्होंने अपील की कि आने वाली पीढ़ी को नया जीवन व स्वच्छ पर्यावरण व हरी-भरी धरती देने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं तथा उनकी उचित देखभाल भी करें। दोनों पदाधिकारियों ने वन महोत्सव के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा पन्नियों व प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैलों व मिट्टी के बर्तनों के प्रयोग के लिए जागरूक किया। इस मौके पर सीनियर सिटीजन रकम सिंह दरोगा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन रामकुमार गुप्ता सौमित्र ने किया। कार्यक्रम में कुछ वक्ताओं ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल है तो कल है। संस्था के संरक्षक रतन सिंह पुनिया ने रामेश्वर दयाल गुप्ता को रामचरित मानस, दौसा बंजारपुर के वेद सिंह प्रधान को सूर्य पुराण की एक प्रति तथा रकम सिंह दरोगा को दीपक भेंट किया। कई बुजुर्ग के जन्मदिन मनाकर उनकी दीर्घायु की कामनाएं की गई। कार्यक्रम में हाजी शाहबुद्दीन, डॉ0 आशाराम गुप्ता, सतेंद्र त्यागी, डॉ0 हरिदत्त गौतम, दरयाब सिंह राजपूत ब्रजकण, सच्चिदानंद पंत, डॉ0 श्रद्धानंद शर्मा, एनके ग्रोवर, जेके गोयल, वेदप्रकाश गुप्ता, रामकिशन त्यागी, केपीएस यादव, वीके गुप्ता सहित अनेक बुजुर्ग मौजूद रहे।

### प्रॉपर्टी डीलरों को धमकी देकर रंगदारी मांग रहा बदमाश

**लोनी,करंट क्राइम।** जेल से 15 दिन पूर्व छूटकर आया एक अपराधी लोगों को कॉल कर रंगदारी मांग रहा है। पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस पीड़ितों से रंगदारी मांगने के प्रमाण मांग रही है। लोनी बॉर्डर थाने की कृष्णा विहार कॉलोनी में प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त का काम करने वाले मोंटी अग्रवाल ने बताया कि टीला शहबाजपुर गांव का एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश 15 दिन पूर्व ही जेल से छूटकर आया है। आरोप है कि बदमाश ने बुधवार रात नौ बजे उसे मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देते हुए 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। जबकि टीला शहबाजपुर गांव निवासी अनिल मावी ने बताया कि बुधवार रात आठ बजे उक्त बदमाश ने उससे मोबाइल पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी और ना देने पर जान से मारने की धमकी दी। जबकि टीला गांव निवासी अशोक को भी उक्त बदमाश ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर काम करना है तो महीना देना पड़ेगा। तीनों पीड़ित प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त का काम करते हैं। तीनों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि पीड़ित अगर रंगदारी मांगने का प्रमाण देंगे तो रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिशन पड़ोसी परिवार के साथ मारपीट की

**लोनी,करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाने की गोविन्द टाउन कॉलोनी में पड़ोसियों के बीच हुए झगड़े में एक युवक चाकू लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है। कॉलोनीवासी रमेश ने बताया कि पड़ोसी उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है बुधवार रात करीब नौ बजे पड़ोसियों ने उसके भाई महेश और उसकी पत्नी पूनम तथा पुत्री मनीषा के साथ मारपीट की तथा महेश को चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है।

### घर पर पथराव कर परिजनों के साथ मारपीट की

**लोनी, करंट क्राइम।** अपने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा रहे युवक के साथ दबंग पड़ोसियों ने मारपीट की तथा उसके घर पर पथराव कर परिजनों को घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बॉर्डर थाने के टीला शहबाजपुर गांव की गडढा कॉलोनी निवासी अखलेश का आरोप है कि आठ जुलाई को वह अपने घर के मुख्य दरवाजे और दीवार पर सीसीटीवी कैमरे लगा रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले भूरा, शाहरुख, आजिव, अरबाज, शाजिव, शाजिद, आबिद आदि ने उसके घर पर पथराव कर दिया तथा विरोध करने पर उसकी पत्नी रूबी और अन्य परिजनों के साथ गालीगलौच और मारपीट की जिसमें उसकी पत्नी को गंभीर चोटें लगी हैं। पीड़ित ने हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### युवक को जान से मारने की धमकी दी

**लोनी,करंट क्राइम।** रंजिशन एक युवक ने दूसरे युवक को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अंकुर विहार थाने के गढ़ी कटैया गांव निवासी संजीव ने बताया कि गांव का ही नितेश उससे रंजिश रखता है। आरोप है कि आठ जुलाई की रात 9.30 बजे नितेश ने उसे मोबाइल पर धमकी दी कि अगर वह उसके घर के सामने से निकला तो उसके साथ मारपीट करेगा तथा जान से मार देगा। पीड़ित ने नितेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस- वे पर स्कूटी सवार की मौत

**लोनी,करंट क्राइम।** दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस- वे पर स्कूटी और कार की भिड़ंत में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। युवक बागपत जनपद के बिजरोल गांव का रहने वाला था तथा नोएडा में एक सैलून पर काम करता था। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि बागपत जनपद के बिजरोल गांव निवासी सागर 20 नोएडा के एक सैलून में काम करता था। बुधवार शाम करीब सात बजे वह स्कूटी से लोनी की तरफ आ रहा था। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस- वे पर मंडोला गांव के पास उसकी स्कूटी के सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार सागर की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** रेलवे स्टेशन मोदीनगर पर गुरुवार को डीआरएम सुखविंदर सिंह ने स्टेशन के पुनउर्द्धार कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उनके साथ गतिशक्ति विभाग के चीफ इंजीनियर, जिनकी देखरेख में निर्माण कार्य हो रहा है, रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री समिति के सदस्य एवं नगर अध्यक्ष भाजपा रोहित अग्रवाल एवं समिति के सदस्य सुनील प्रजापति, स्टेशन सुपरिटेंडेंट शिव कुमार व जेई राजकुमार आदि मौजूद रहे। रोहित अग्रवाल ने स्टेशन के कार्य की धीमी गति पर असंतोष जताया, जिस पर डीआरएम ने संबंधित ठेकेदार को दो दो माह के भीतर रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। समिति के सदस्यों ने निर्माण में उचित गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का उपयोग न किए जाने की शिकायत भी की। रोहित अग्रवाल ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग भी डीआरएम सुखविंदर सिंह के समक्ष रखी। रेलवे परामर्शदात्री समिति की अभी तक कोई बैठक न होने के संबंध में भी बात की तो उन्होंने स्टेशन सुपरिटेंडेंट शिवकुमार को अगले ही सप्ताह में यह बैठक कर उसके मिनिट्स भेजने के लिए कहा।

## विश्व जनसंख्या पखवाड़े का सुचेता सिंह ने किया शुभारंभ



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 से 31 जुलाई का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भोजपुर सुचेता सिंह द्वारा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र भोजपुर में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आशाएं व एएनएम को जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने जागरूक करने के लिए और पखवाड़े के प्रचार प्रसार हेतु सारथी वाहन को भी हरी झंडी दिखायी। पखवाड़े के दौरान आशा अपने अपने क्षेत्र में योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन संबंधित जानकारी देंगे और उन्हें परिवार नियोजन के साधन अपनाने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भारत भूषण, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ0 अर्चना कुमारी, डॉ0 सतेंद्र आजाद, डॉ0 सारिका, हेल्थ सुपरवाइजर अमित शर्मा व संगिनी आदि उपस्थित रही।

## क्या राहुल अपने पिता का समर्थन करेंगे या एससी के फैसले का सम्मान : कर्नाटक भाजपा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा ने गुरुवार को पूछा कि क्या राहुल गांधी अपने पिता दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के रुख का समर्थन करेंगे या मुस्लिम महिला भरण-पोषण मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे? भाजपा की राज्य महिला मोर्चा की अध्यक्ष सी. मंजुला ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का तहे दिल से स्वागत करते हैं। लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी का क्या? क्या वह अपने पिता के रुख का समर्थन करेंगे या सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे? सी. मंजुला ने कहा कि 1985 में जब कांग्रेस बहुमत में थी तो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुस्लिम महिलाओं को दिए गए न्याय और सम्मान की अवहेलना की थी। उन्होंने कहा, आज कांग्रेस सत्ता में नहीं है। ट्रिपल तलाक को खत्म करने वाली भाजपा सरकार फिर से इन महिलाओं के पक्ष में खड़ी होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाएं अब ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं। सी. मंजुला ने आगे कहा कि 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने सीआरपीसी 125 के तहत फैसला सुनाया था कि अपने पतियों से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भरण-पोषण पाने की हकदार हैं। हालांकि, दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने संसद में इसका विरोध किया था, मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसा करके उन्होंने संविधान के सिद्धांतों की अवहेलना की। कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट के महिला-समर्थक रुख के खिलाफ खड़ी है।

## समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने में भारत सक्रिय भागीदार : ओम बिरला



**नई दिल्ली।** भारत ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में शुरू हुए 'ब्रिक्स संसदीय मंच' के सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में शुरू हुए 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को पहले पूर्ण सत्र को संबोधित किया। उन्होंने 'ब्रिक्स संसदीय आयाम : अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं' पर अपने विचार व्यक्त किए।

ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र के दौरान उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हाल ही में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में हुए दुनिया के सबसे बड़े चुनाव (लोकसभा चुनाव) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में लगभग 65 करोड़ मतदाताओं ने वोटिंग की, जिसके पश्चात नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि देश के निर्वाचित सदन लोकसभा ने उन्हें लगातार दूसरी बार स्पीकर पद पर निर्वाचित किया। ब्रिक्स संसदीय मंच में नए सदस्यों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्वागत करते हुए बिरला ने नए सदस्यों को संगठन में निर्बाध रूप से शामिल किए जाने के लिए रूस के अध्यक्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला ब्रिक्स वैश्विक शासन व्यवस्था को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने तथा वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय भागीदारी कर रहा है। उन्होंने उभरते बाजारों और विकासशील देशों को एकजुट करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ ही परस्पर सम्मान, समझ, समानता, एकजुटता, पारदर्शिता, समावेशिता और आम सहमति के सिद्धांतों के प्रति भारत की निष्ठा के बारे में भी बात की।

## मामूली विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पड़ोसी युवकों ने एक युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। युवक के पिता की ओर से चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। भूपेंद्रपुरी निवासी गिरीश कुमार का बेटा जब घर से समीप की दुकान पर जा रहा था,तभी पड़ोस में रहने वाले युवकों ने उसे गाली गलौच देते हुए रोक लिया। विरोध करने पर इन युवकों ने गिरीश के बेटे की बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस प्रकरण में मौहल्ले के ही नवनीत,सम्राट,तुषार व अशोक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार हैं उनकी तलाश की जा रही है।

## संयुक्त किसान मोर्चा का ऐलान फिर शुरू होगा आंदोलन



**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बार फिर विभिन्न मांगो को लेकर आंदोलन शुरू करने का एलान किया है। किसान संगठन ने कहा है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी और ऋण माफी सहित अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। साथ ही संगठन ने कहा है कि इन मांगो को रखते हुए प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने अपनी आम सभा की बैठक के एक दिन बाद यह घोषणा की। संगठन ने कहा, 'आम सभा ने 9 दिसंबर, 2021 के समझौते को लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन फिर से शुरू करने का फैसला किया है, जो केंद्र सरकार ने एसकेएम के साथ किया है और जिस पर भारत सरकार के कृषि विभाग के सचिव ने हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही किसानों की आजीविका प्रभावित करने वाली अन्य प्रमुख मांगें रखी जाएंगी।'

### 'कॉर्पोरेट छोड़ो दिवस' मनाएगा एसकेएम

संगठन ने अपने बयान में कहा है कि सभी सांसदों को मांगों का एक चार्टर सौंपा जाएगा। संगठन ने कहा कि 9 अगस्त को एसकेएम अपनी मांगों के समर्थन में देश भर में प्रदर्शन करके भारत छोड़ो दिवस को कॉर्पोरेट भारत छोड़ो दिवसङ के रूप में मनाएगा।

## तहसील बार चुनाव की सरगर्मियां तेज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन मोदीनगर के 15 जुलाई को होने वाले चुनाव की सरगर्मिया तेज हो गयी हैं। वर्ष 2024-25 के होने वाले इस वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आमने सामने की टक्कर है। वही सचिव पद पर भी दो उम्मीदवार आमने सामने आ गये हैं। बार एसोसिएशन मोदीनगर के वार्षिक चुनाव कार्यकारिणी के लिये बनी समिति में अनिल चौधरी, रामकुमार चौधरी, ओम त्यागी, तेजवीर सिंह और राजकुमार त्यागी हैं। चुनाव को लेकर कुछ पदाधिकारियों के नाम वापिस लेने की संभावना के चलते कुछ पद पर निर्विरोध चुने जाने की प्रबल संभावना है जिनके नाम चुनाव की तिथि वाले दिन ही घोषित होगे। अध्यक्ष पद के उम्मीदवारो में जगवीर सिंह एडवोकेट व उत्तम कुमार के बीच टक्कर है। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जगपाल सैनी व जयकिशन एडवोकेट आमने सामने हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अयागुद्दीन एडवोकेट ने नामांकन किया है तो वहीं सचिव पद पर जसवीर सिंह व सौरभ शर्मा के बीच टक्कर है। सहसचिव पद पर सचिन शर्मा एडवोकेट तथा सांस्कृमिक सचिव पद पर सृष्टि जैन एडवोकेट ने पर्चा भरा है। कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार कुलदीप बंसल तथा मीडिया प्रभारी पद के उम्मीदवार संजीव चिकारा एडवोकट व ऑडिटर पद के उम्मीदवार विनोद पाल एडवोकेट के नाम सामने आये हैं।

## पॉल्यूशन सर्टिफिकेट हुआ महंगा दिल्ली में बढ़ी पीयूसी की फीस




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आखिरकार 13 साल बाद प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र यानी पीयूसी सर्टिफिकेट बनवाने के लिए फीस में बढ़ोतरी की है। दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन की लंबे समय से मांग कर रहा था। प्रदूषण जांच दरों में संशोधन के बाद पेट्रोल, सीएनजी या एलपीजी दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए नए संशोधित दर 80 रुपये होंगे। पेट्रोल, सीएनजी या एलपीजी चार पहिया वाहनों और उससे ऊपर के वाहनों के लिए 110 रुपये निर्धारित किए गए। वहीं डीजल चालित वाहनों की प्रदूषण जांच दर 140 रुपये निर्धारित की गई। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन की लंबे समय से लंबित मांगों के मद्देनजर और प्रदूषण जांच सेवाओं की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए हमने दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी वाहन आवश्यक प्रदूषण मानकों को पूरा करें।

## ईडी के समन के खिलाफ केजरीवाल की याचिका को हाईकोर्ट ने किया सूचीबद्ध

### 9 सितंबर को सुनवाई



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा के लग्जरी होटल में रहकर शराब घोटाले से प्राप्त कथित 100 करोड़ रुपये के हिस्से का सीधा लाभ उठाया। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को 9 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ जारी किए गए समन को चुनौती दी है।

उधर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा के लग्जरी होटल में रहकर शराब घोटाले से प्राप्त कथित 100 करोड़ रुपये के हिस्से का सीधा लाभ उठाया।

केजरीवाल के खिलाफ दायर आरोपपत्र में केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि आबकारी नीति के संदर्भ में दिल्ली सरकार की ओर से गठित मंत्रियों का समूह (जीओएम) एक दिखावा था। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) विशेष अदालत ने 17 मई को दायर आरोपपत्र पर मंगलवार को संज्ञान लिया था और जेल में बंद केजरीवाल को 12 जुलाई को कोर्ट में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया था। इस मामले में दायर सातवें पूरक आरोपपत्र में केजरीवाल और उनकी पार्टी आप को आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

## दो किमी के दायरे में आने वाले 1000 मकानों पर चलेगा बुलडोजर, लोग बोले- नहीं तोड़ने देंगे

**लखनऊ।** सिंचाई विभाग का सर्वे पूरा होने के बाद एलडीए टीम अवैध निर्माण वाले मकानों का सर्वे शुरू कर रहा है। लोग सर्वे का विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मकान नहीं तोड़ने देंगे। लखनऊ के कुकरैल रिवरफ्रंट के दायरे में रहीमनगर, खुर्रमनगर, इंद्रप्रस्थनगर, पंतनगर व अबरारनगर के करीब एक हजार मकान आएंगे। वन विभाग की जमीन के समानांतर करीब 2 किमी की पट्टी में चल रहा सिंचाई विभाग का सर्वे बुधवार को पूरा हो गया। मकानों को चिह्नित कर उनपर लाल निशान लगा दिए गए। इन मकानों पर अब बुलडोजर चलेंगे। चिह्नित अवैध मकानों के मालिकों का लखनऊ विकास प्राधिकरण ब्योरा दर्ज करेगा। सिंचाई विभाग ने सोमवार से ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) की मदद से सर्वे शुरू किया था। बुधवार सुबह 11 बजे प्रशासन की संयुक्त टीम को लाल निशान लगाने एवं जमीन की नापजोख करने के दौरान विरोध-प्रदर्शन किया। हर मोहल्ले में लोग घरों के सामने खड़े होकर कार्रवाई पर अपना विरोध जताया। हालांकि, पुलिस फोर्स अधिक होने के कारण आक्रोशित लोग टीम के काम में कोई अवरोध पैदा नहीं कर सके। दोपहर करीब तीन बजे सिंचाई विभाग की टीम चिह्नित क्षेत्र को एलडीए को सौंप वापस लौट गई।



### एलडीए के सर्वे के लिए पांच टीमों का गठन होगा

सिंचाई विभाग का सर्वे पूरा होने के बाद बृहस्पतिवार से एलडीए टीम अवैध निर्माण वाले मकानों का सर्वे शुरू कर रहा है। इस सर्वे के दौरान एक-एक मकान के मालिक का नाम और उसके परिवार के सदस्यों का नाम सहित ब्योरा दर्ज होगा। इसके लिए पांच टीमों का गठन होगा। टीम में प्रशासन व नगर निगम के अधिकारी भी सदस्य होंगे।

### कुकरैल नदी की धारा से 50 मीटर के दायरे में आने वाले मकान टूटेंगे

सर्वे टीम के सदस्यों ने बताया कि अकबरनगर के बाद अब रहीमनगर से कुकरैल नदी की धारा के 50 मीटर के दायरे में बायीं ओर जितने भी मकान आएंगे, वे तोड़े जाएंगे। नदी के किनारे-किनारे दो किमी के दायरे में यह कार्रवाई होगी। टीम का अनुमान है कि करीब 1000 मकानों पर बुलडोजर चलेगा।

### मकान खाली करने के लिए जारी होगा नोटिस

सर्वे पूरा होने के बाद एलडीए अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस जारी करेगा। नोटिस में दी गई मियाद तक अवैध निर्माण को खुद नहीं तोड़ने पर उनको एलडीए ध्वस्त कराएगा।

### सर्वे के खिलाफ लोग लामबंद, कहा-नहीं तोड़ने देंगे मकान

रहीमनगर, खुर्रमनगर, इंद्रप्रस्थनगर, पंतनगर, अबरारनगर में मकानों पर लाल निशान लगाए जाने के विरोध में वहां के निवासी लामबंद हो गए हैं। लोगों ने संघर्ष समिति का गठन किया है। संघर्ष समिति की बैठक में तय हुआ कि वे अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। यह भी तय किया गया कि मकान को तोड़ने नहीं दिया जाएगा। यह बैठक शाम 5 बजे तक चली। बुधवार दोपहर सपा विधायक एवं पार्षद मुकेश सिंह चौहान भी इंद्रप्रस्थनगर में उनके बीच पहुंचे। लोगों ने कहा, जिस जमीन पर मकान बने हैं।

## जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं करवाना चाहती है बीजेपी : विकार रसूल वानी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को हुए आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए। जवानों की शहादत के बाद अब इसे लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस पार्टी ने आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कांग्रेस ने बीजेपी पर गंभीर आरोप भी लगाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने कहा कि पिछले तीन सालों में लगभग 42 से अधिक जवान शहीद हुए हैं। हमें इसका बहुत दुख है। तीन दिन पहले ही एक आतंकी हमला हुआ, जिसमें हमारे पांच जवान शहीद हुए और छह घायल हो गए। आखिर बीजेपी सरकार क्या चाहती है। जो लोग आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर आकर पुतले जलाते थे, लेकिन अब पूरे हिंदुस्तान में ढोल बजा रहे हैं कि हमने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद खत्म हो गया होता तो कांग्रेस पार्टी पीएम मोदी और अमित शाह का आभार व्यक्त करते, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है और रोजाना हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। हमें इस बात का दुख है और कांग्रेस को चिंता है कि जम्मू-कश्मीर के हालात दुरुस्त होने चाहिए। इसलिए हम चाहते हैं कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करे और ये भी बताए कि आतंकवाद को रोकने के लिए सरकार क्या करने वाली है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने बीजेपी पर आरोप लगाया और कहा कि वह जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं करवाना चाहती है। इसी के चलते जम्मू कश्मीर में नए हथकंडे अपनाने की कोशिश की जा रही है। आम जनता के साथ-साथ अब सुरक्षा कर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं और अमरनाथ यात्रा भी चल रही है। सरकार का फर्ज है कि चुनाव को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। इसके साथ ही अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को भी मजबूत किया जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 12 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव : नामांकन प्रक्रिया पूर्ण

## आज नामांकन वापसी का है दिन

गाजियाबाद, करंट क्राइम । बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के लिए दो दिन से जारी नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी होने के बाद समाप्त हो गई। नामांकन की प्रक्रिया के अंतिम दिन बड़ी संख्या में अलग-अलग पदों के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन किया है। तो वहीं अध्यक्ष पद के लिए अब कुल चार दावेदार मैदान में आए हैं। उसमें बालचंद बंसल, सूरजपाल सिंह सिसौदिया, दीपक शर्मा और योगेंद्र कौशिक का नाम फाइनल हुआ है। नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए दीपक शर्मा और योगेंद्र कौशिक ने नामांकन किया। तो वहीं सचिव पद के लिए तीन चेहरे ताल ठोक रहे हैं। इसमें अमित नेहरा और गुरुवार को वरुण त्यागी व हरेंद्र त्यागी ने सचिव पद के लिए नामांकन किया है। सुनील त्यागी के नाम की चर्चा सचिव पद के लिए चल रही थी लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि वह चुनाव से दूर हो गए हैं। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में शुक्रवार यानी आज नाम वापसी का दिन रहेगा। नाम वापसी के लिए सुबह 11 से 2 बजे तक का समय तय किया गया है।



### मृदुला राय त्यागी बनाई गई चुनाव अधिकारी

करंट क्राइम । बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली ने अपने स्वास्थ्य कारणों से बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी पद से कार्य करने में असमर्थता जताते हुए अध्यक्ष एल्डर कमेटी को व्हाट्सएप पर बुधवार को त्यागपत्र भेज दिया था। उनके त्यागपत्र के बाद समिति ने विचार करते हुए बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृदुला राय त्यागी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कार्यवाहक अध्यक्ष के साथ चुनाव अधिकारी घोषित किया गया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव एवं चुनाव संयोजक स्नेह त्यागी और एल्डर कमेटी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष राम अवतार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

## अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार मैदान में

### इन अधिवक्ताओं ने किया अलग-अलग पदों के लिए नामांकन

करंट क्राइम ।

**अध्यक्ष :** बालचंद बंसल, सूरजपाल सिंह सिसौदिया, दीपक शर्मा और योगेंद्र कौशिक ।

**सचिव :** अमित नेहरा, वरुण त्यागी और हरेंद्र गौतम।

**सह-सचिव प्रशासन :** मोनिका सिंह, अतुल अग्रवाल और सुनील कुमार।

**सह-सचिव पुस्तकालय :** राजेंद्र कुमार गौतम और कमल किशोर।

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** संजीव कुमार उपाध्याय, अभय कुमार हजेला, आदेश कुमार गर्ग, डॉ शबनम खान, श्रीमती पंकज श्रीवास्तव, अशोक कुमार त्यागी और विनोद कुमार शर्मा।

**कोषाध्यक्ष :** जोगिंदर कुमार शर्मा, संजय कुमार कश्यप, सचिन कुमार, खुशनुमा परवीन, संजीव कुमार और सचिन गुप्ता।

**कनिष्ठ उपाध्यक्ष :** अमित अधाना, यश शर्मा, आदेश कुमार, कपिल त्यागी मोरटा और मोनू कुमार सेठी।

**वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य :** रविंद्र शर्मा, राजीव गुर्जर, मुकेश कुमार सिद्धार्थ, अनिल कुमार, नौशाद चौधरी, केशव कुमार शर्मा, संगीता और मनोज कुमार।

**कनिष्ठ सदस्य :** दीपांशु त्यागी, विपिन कौशिक, अंकित मित्तल, संदीप सिंह, देवेंद्र कुमार चौहान, सुनील कुमार यादव, मयंक श्रीवास्तव व कुलदीप चौधरी।


बीसी बंसल


दीपक शर्मा


सूरजपाल


योगेंद्र कौशिक


अमित कुमार


हरेंद्र गौतम


वरुण त्यागी

### 19 जुलाई को होगा मतदान, देर रात तक आएगा परिणाम

करंट क्राइम । बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के लिए नामांकन की प्रक्रिया होने के बाद अब सभी को 19 जुलाई का इंतजार है। 19 जुलाई को बार एसोसिएशन गाजियाबाद का मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक रहेगा। इसी दिन देर रात तक मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## करंट क्राइम की खबर के बाद जारी है पंजाबी समाज के नेताओं का रिएक्शन

# पंजाबी समाज की संख्या 11 हजार बताने वाले अपनी गलतफहमी दूर कर लें : हिमांशु लव



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम ने शहर विधानसभा क्षेत्र को लेकर खबर प्रकाशित की थी। इस खबर में एक सर्वे का जिक्र हुआ था और बताया गया था कि शहर सीट पर सर्वे के अनुसार विभिन्न विभिन्न जातियों के वोट इतने हैं। करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि खबर सूत्रों के हवाले से है और आंकड़े संभावित हैं। यह खबर प्रकाशित होने के बाद अन्य समाज तो साईलेंट है लेकिन पंजाबी समाज के कुछ नेता मुखर होकर सामने आये है। सर्वे रिपोर्ट में पंजाबी समाज की संख्या लगभग 11 हजार बतायी गई है। इस खबर पर भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि पता नहीं यह सर्वे किसने और कब कराया और किस आधार पर ये सर्वे रिपोर्ट तैयार करायी गई है। सर्वे रिपोर्ट में पंजाबी मतदाताओं के मात्र 11 हजार वोट बताये गये हैं।

हिमांशु लव ने लिखा है कि पता नहीं कि यह सर्वे करने वाले ने किस प्रकार यह गिनती की है। न तो उस व्यक्ति को गाजियाबाद का इतिहास पता है ना भूगोल पता है। हिमांशु लव का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट में जो 11 हजार पंजाबियों की आबादी बतायी गई है वह तो मात्र दो वार्डों में ही पूरी हो जायेगी। हिमांशु लव ने कहा है कि पंजाबी समाज में ब्राह्मण भी आते हैं और वैश्य भी आते हैं और भी कई जाति आती हैं। वर्तमान में गाजियाबाद में ऐसे पंजाबी भी हैं जो 1984 के दंगों से पहले पंजाब के आतंकवाद से आतंकित होकर पंजाब से गाजियाबाद आकर स्थापित हुए थे। ये सब लोग भी पंजाबी है और उनकी संख्या भी 11 हजार से अधिक है।

इसलिए मेरा कहना है कि पंजाबी समाज का पहले इतिहास और भूगोल की जानकारी सर्वे करने वाले कर लें। तब पंजाबी समाज के विषय में कोई निर्णय लें। तब उनकी संख्या का पता चलेगा कि पंजाबी समाज 11 हजार है या एक लाख तक है।

### नगर निगम के वार्ड से लेकर गुरूद्वारों की संख्या से लगा लो अनुमान

करंट क्राइम। हिमांशु लव ने कहा है कि वार्ड 88, वार्ड 52, वार्ड 33 जैसे 14 वार्ड हैं जिसमें पंजाबी मतदाताओं की संख्या जोड़ी जाये तो वैश्य समाज से ज्यादा होगी। पंजाबियों ने मेहनत करके गाजियाबाद को औद्योगिक नगरी बनाया। पंजाबियों की संख्या का अनुमान लगाना है तो गाजियाबाद के गुरूद्वारों की संख्या और गुरूद्वारों में होने वाले सिक्ख समागम की संख्या जोड़ें तो 11 हजार से ज्यादा लोग हो जाते हैं। पंजाबी समाज गाजियाबाद में निर्णयायक भूमिका निभाता है। पंजाबी समाज की अनदेखी करना न्यायसंगत नहीं है।

### क्यों मच रहा है उस वार्ड में उगाही की बात को लेकर इतना गदर

## किस बजरंगी ने उठा दिया सवाल और किस्से में क्यों आ गया है बर्गर



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम में ऐसा पहले कभी देखा सुना नहीं गया। भगवा वार्ड में भगवा पार्षद को भगवा देवतुल्य ही घेर रहे हैं। शहर विधानसभा के एक वार्ड की उगाही के किस्से चर्चा में हैं। भाजपा के ही सुभाष बजरंगी ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर मोर्चा खोला। उन्होंने कहा कि अगर कोई पार्षद अपने ही वार्ड में हफ्ता वसूली करता है तो ये समझो कि वो वार्ड का पार्षद नहीं बल्कि पार्टी ने कार्यकर्ता को धन इक्ट्ठा करने को पार्षद बनवाया है। किस्से में बर्गर वाला ट्विस्ट आ गया है। किस्से में पैंठ बाजार की वसूली आ रही है और बताया ये जाता है कि इन किस्सों से ज्यादा वार्ड के मैम्बर की बदजुबानी का किस्सा भी गूंज रहा है। शिकायत महानगर तक पहुंची है। शिकायत प्रभारी मंत्री के कानों तक पहुंचाई गई है और उन्हें बताया गया है कि यदि वो चाहें तो अपने स्तर से एक गोपनीय जांच करा लें। यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो फिर पार्टी स्तर पर पार्षद को बुलाकर समझाया जा सकता है कार्यवाही हो सकती है और यहां पर पुलिस को भी निर्देश दिये जा सकते हैं कि वो इस मामले में उचित कार्यवाही करें। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता नहीं चाहते हैं कि अगर पार्टी का कोई पार्षद या पार्षद के परिजन किसी भी तरह के भ्रष्ट्राचार में शामिल होते हैं तो इससे पूरी भाजपा और सरकार की बदनामी होती है। ठेली पटरी वालों से उगाही के आरोप लगना अच्छी बात नहीं है। जनता के प्रतिनिधि का व्यवहार मधुर होना चाहिए।

# कांवड़ यात्रा से पूर्व और जगमग होगा गाजियाबाद, 222 स्थान किए गए रोशन

## गाजियाबाद 311 एप पर 1860 शिकायतों का भी चार महीने में हुआ निस्तारण


गाजियाबाद, करंट क्राइम । कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर निगम शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में बीते दिनों पुलिस विभाग द्वारा 235 डार्क पॉइंट चिन्हित करके नगर निगम के अधिकारियों को लिस्ट सौंपी गई थी। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने इस लिस्ट का संज्ञान लिया और कुछ ही दिनों के भीतर 222 ऐसे डार्क स्पॉट जहां पुलिस की नेगेटिव रिपोर्ट आई थी, उन स्थानों को रोशनी से युक्त कर दिया है।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि इससे न सिर्फ क्राइम में कमी आएगी बल्कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग से निकलने वाले कांवड़ियों को भी रोशनी की भरपूर व्यवस्था रहेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है की लाइटों की मरम्मत वाली शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निश्तरित किया जाता है। इसके साथ ही गाजियाबाद 311 एप के माध्यम से बीते 4 महीना में 2061 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिसमें से 1860 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है की मुख्य मार्गों के साथ ही आंतरिक गलियों की लाइटों को भी ठीक कराने के लिए नगर निगम जिम्मेदारी से काम कर रहा है। इसमें स्थानीय पार्षदों और आम लोगों की भी मदद ली जा रही है।



### निगम के सभी जोन में चल रहा है अभियान

करंट क्राइम । प्रकाश प्रभारी आस कुमार द्वारा जानकारी दी गई है कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर डार्क पॉइंट जहां पर अंधेरा रहता था, उनको चिन्हित किया गया था। वहां आवश्यकता अनुसार लाइटें गई हैं। इसके साथ ही गाजियाबाद पुलिस की ओर से भी 235 स्थानों को डार्क पॉइंट के रूप में चिह्नित करके कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। उसमें से 222 स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था कर दी गई है। जिन स्थानों पर डार्क पॉइंट की शिकायत मिली थी, वहां रोशनी करने के बाद अधिकारियों की इसकी मॉनीटरिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। वर्तमान में सेक्टर-तीन वैशाली, सेक्टर- तीन राजेंद्र नगर, गुलमोहर ग्रीन रोड राजेंद्र नगर, करहैड़ा मोहन नगर का पुल पर लाइट लगाई गई है।



### शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : नगर आयुक्त



करंट क्राइम । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि शहर में जो डार्क स्पॉट थे, वहां लाइट ठीक कराई गई हैं। डार्क स्पॉट पर नई लाइटें लगवाई गई हैं। अगर वहां काम को लेकर कोई लापरवाही की गई तो संबंधित कर्मचारियों पर एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि बीते 4 माह के दौरान नगर निगम को गाजियाबाद 311 एप के माध्यम से 2061 शिकायतें पथ प्रकाश की व्यवस्था को लेकर मिली थी। जिसमें से 1860 का निस्तारण कराया गया है। बाकी अन्य लाइटें ठीक करने का काम भी तीव्र गति से चल रहा है।




# निकला मधुबन बापूधाम थाने में सांप हो गई कवि नगर हवालात की जांच

## सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है वीडियो वायरल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : बुधवार की देर शाम सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में कोबरा सांप निकालने का मामला और वीडियो सामने आया था।

यह वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल से लेकर तमाम सोशल साइट पर वीडियो को लेकर लोग भी जमकर कमेंट लिख रहे हैं। कोई इसको पुलिस की चूक बता रहा है, तो कोई इस मामले को अव्यवस्था से जोड़कर देख रहा है। वहीं जानकारी है कि मधुबन बापूधाम थाने के हवालात में कोबरा निकालने के मामले के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थानों में साफ-सफाई और सांप को लेकर अलर्ट तक किया गया है। वहीं कवि नगर थाने में भी बैरक की साफ-सफाई और पुराने कंबल और गद्दे हटाकर सफाई कराई गई है।

वहीं सुनने में आ रहा है कि थाने के व्हाट्एसप ग्रुप पर वीडियो डालने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का हंटर चल सकता है। वहीं वीडियो सोशल मीडिया तक कैसे पहुंची इसकी भी जांच कराए जाने की बातें सामने आ रही हैं।


Post
SamajwadiPartyMediaCell
@MediaCellSP
गाजियाबाद के एक थाने के हवालात में कोबरा सांप निकला है

इससे पहले गोरखपुर की एक ट्रेन में सांप निकला है

हवालात में सांप निकलना बड़ी चूक/लापरवाही है क्योंकि सांप किसी भी बंदी को काट सकता है और जान जा सकती है ,हवालात में साफ सफाई की व्यवस्था भी इसी वीडियो में दिख रही

भारतीय रेल और यूपी के थाने परिसर साक्षात मौत के अड्डे बन गए हैं ,जहां मौत विभिन्न रूपों में नाच रही और योगी/भाजपा सरकार भ्रष्टाचार ,अव्यवस्था करके मौज काट रही
#नहीं_चाहिए_भाजपा
Translate post



### समाजवादी पार्टी ने उठाए सवाल




करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल से ट्वीट किया गया है। जिसमें बताया गया है कि गाजियाबाद के थाने की हवालात में कोबरा सांप निकला है। इससे पहले गोरखपुर की ट्रेन में सांप निकला। हवालात में सांप निकलना बड़ी चूक है। लापरवाही है क्योंकि सांप किसी भी बंदी को काट सकता था और जान भी जा सकती थी। हवालात में साफ सफाई की व्यवस्था भी इस वीडियो में दिखाई गई है। इस वीडियो पर कई तरीके के राजनीतिक कमेंट भी सामने आए हैं।

### थानों पर निगरानी बढ़ाई गई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है की मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में कोबरा सांप निकालने के मामले के बाद देहात के कई थाना प्रभारियों ने अपने यहां साफ सफाई कराई है। तो वही नदियापार के भी एक थाने की बैरक और हवालात की सफाई कराई गई है। इसके साथ ही नदी के पास और झाड़ियां व खेतों के निकट वाले थानों में भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश मौखिक रूप में जारी किए गए बताए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# एक्सप्रेस-वे पर निगरानी व्यवस्था की कमी

तमाम सुविधाओं के बावजूद आये दिन हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं हो रही है। बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर एक्सप्रेस–वे पर यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाने, आपात सेवा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करने तथा कार्रवाई में देरी करने पर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठाया जाता रहा है। लेकिन फिर भी तमाम सरकारी दावों के बावजूद देश में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो पा रही हैं। आए दिन बड़े सड़क हादसों की खबरें आ जाती हैं। खासकर आधुनिक तकनीक से बने एक्सप्रेस–वे पर भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर एक तेज रफ्तार बस के टैंकर से टकराने और उसमें अठारह लोगों के मारे जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। पहले भी इस मार्ग पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। सवाल है कि एक्सप्रेस–वे पर आखिर इतने बड़े हादसे क्यों हो रहे हैं?

पिछले वर्ष नवंबर में केंद्र सरकार की तरफ से जारी एक रपट के मुताबिक, 2022 में देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 32.9 फीसद एक्सप्रेस–वे पर हुई और इनकी वजह तेज रफ्तार थी। दरअसल, एक्सप्रेस–वे पर दिन–प्रतिदिन वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में तेज गति से गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की संभावना हर वक्त बनी रहती है। वैसे तो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। मगर, ये कानून तभी कारगर साबित होंगे, जब प्रशासनिक तंत्र इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करेगा। अक्सर देखा गया है कि दुर्घटना संभावित चिह्नित स्थलों पर भी वाहनों की निगरानी के लिए माकूल व्यवस्था नदारद होती है। हालांकि, एक्सप्रेस–वे पर सीसीटीवी की व्यवस्था है, लेकिन उनकी भी नियमित निगरानी किए जाने की जरूरत है, ताकि दुर्घटना के संभावित खतरों को समय रहते टाला जा सके। बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर एक्सप्रेस–वे पर यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाने, आपात सेवा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करने तथा कार्रवाई में देरी करने पर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठाया जाता रहा है। मगर, इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आती है।

तेज रफ्तार के अलावा लापरवाही से वाहन चलाना, क्षमता से अधिक यात्री बिठाना, अकुशल चालक और नशे में वाहन चलाना भी सड़क हादसों का कारण बनता है। इन पर रोक लगाने के लिए पुलिस और प्रशासन के स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरूरत है। व्यवस्था में खामी के लिए जवाबदेही तय करना जरूरी है, तभी सुधार की उम्मीद की जा सकती है। इसके साथ ही यह भी तय किया जाना चाहिए कि एक्सप्रेस–वे पर दौड़ने वाले वाहनों की रफ्तार कितनी हो। यातायात नियमों के अनुसार एक्सप्रेस–वे पर दौड़ने वाले वाहनों की एक स्पीड निर्धारित की जानी चाहिए, तभी कुछ सुधार की संभावना बन सकती है।

# सैमसंग की लेटेस्ट सीरीज गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 के प्री-ऑर्डर शुरू



**पेरिस।** सैमसंग ने गुरुवार को अपने लेटेस्ट फोल्डेबल गैलेक्सी सीरीज की कीमतों की घोषणा की। इसके साथ ही गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 के लिए प्री–ऑर्डर शुरू हो गए हैं। गैलेक्सी जेड फ्लिप6 (12GB+256GB) की कीमत 109,999 रुपये और 12ऋ्ह+512ऋ्ह वर्जन की कीमत 121,999 रुपये होगी। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 के 12GB+256GB वेरिएंट की कीमत 164,999 रुपये होगी, जबकि 12GB+512GB वर्जन की कीमत 176,999 रुपये होगी। कंपनी ने बताया कि 12GB+1TB (सिल्वर शैडो कलर) की कीमत 200,999 रुपये होगी। कंपनी ने कहा, "डिवाइस प्री-ऑर्डर करने वालों को 'गैलेक्सी जेड एश्योरेंस' के तहत 14,999 रुपये मूल्य की दो स्क्रीन और पार्ट्स रिप्लेसमेंट सिर्फ 999 रुपये में मिलेगा। साथ ही मौजूदा सैमसंग फ्लैगशिप ग्राहक 15,000 रुपये का अपग्रेड बोनस भी पा सकते हैं।" सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, "एआई-इन्फ्यूज्ड कनेक्टेड गैलेक्सी इकोसिस्टम के साथ हमारे नए उत्पाद आपको सशक्त बनाएंगे और आपके जीवन को बेहतर बनाएंगे। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 दोनों का निर्माण हमारी नोएडा यूनिट में किया गया है।" गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा 47 मिमी आकार में टाइटेनियम ग्रे, टाइटेनियम व्हाइट और टाइटेनियम सिल्वर रंगों में उपलब्ध होगी। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा की कीमत 59,999 रुपये होगी। दूसरी ओर गैलेक्सी वॉच 7 (40 मिमी बीटी) 29,999 रुपये में आएगी। वॉच 7 (40 मिमी एलटीई) 33,999 रुपये में, वॉच 7 (44 मिमी बीटी) 32,999 रुपये में और वॉच 7 (44 मिमी एलटीई) 36,999 रुपये में कुछ ऑफर्स के साथ आएगा। कंपनी का दावा है कि, उन्नत गैलेक्सी एआई एल्गोरिदम स्लीप एनालिसिस और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) और ब्लड प्रेशर (बीपी) की निगरानी के साथ आपके दिल के स्वास्थ्य की गहरी समझ प्राप्त करेगा। गैलेक्सी बड्स3 की कीमत 14,999 रुपये और बड्स3 की कीमत प्रो को 19,999 रुपये में खरीदा जा सकेगा। गैलेक्सी जेड फोल्ड6, जेड फ्लिप6 और वियरएबल डिवाइस (बड्स3 सीरीज, वॉच7 और वॉच अल्ट्रा) 24 जुलाई से उपलब्ध होंगे।

# दिल्ली सरकार ने 13 साल बाद प्रदूषण जांच दरों में की बढ़ोत्तरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्रदूषण जांच दरों को बढ़ा दिया है। सरकार के मुताबिक बीते 13 साल से दाम नहीं बढ़े थे। दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन की मांग और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 2011 से प्रदूषण जांच दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है, दिल्ली सरकार ने वाहनों की प्रदूषण जांच की दरों में वृद्धि की घोषणा की है। नई दरें सरकार द्वारा अधिसूचित होते ही लागू हो जाएगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा है कि दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन की लंबे समय से लंबित मांगों के मद्देनजर और प्रदूषण जांच सेवाओं की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए, हमने दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। यह संशोधन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि प्रदूषण जांच स्टेशन कुशलतापूर्वक काम करना जारी रख सकें और जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें। हम दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी वाहन आवश्यक प्रदूषण मानकों को पूरा करें। पेट्रोल, सीएनजी या एलपीजी (जैव ईंधन सहित) दो और तीन पहिया वाहनों के लिए जांच का शुल्क अब 80 रुपये होगा। पेट्रोल, सीएनजी या एलपीजी (जैव-ईंधन सहित) चार पहिया वाहनों और उससे ऊपर की श्रेणियों के लिए 110 रुपये दाम होंगे। इसके साथ ही डीजल से चलने वाले वाहनों के लिए 140 रुपये दाम तय किया गया है। 2011 में जब दाम बढ़े थे, तब से अब तक उसकी कीमत 60 रुपया, 80 रुपया, और 100 रुपया है। इससे पहले 2005 से 2011 तक कीमत 35 रुपये, 45 रुपये और 60 रुपये रखी गई थी। दिल्ली सरकार के मुताबिक 2011 से प्रदूषण जांच दरों में कोई इजाफा नहीं किया गया था, इसको लेकर दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन प्रदूषण जांच शुल्क में वृद्धि की मांग लगातार करता रहा है।

# भारत की गोल्ड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पैदा करेगी 25 हजार रोजगार के नए अवसर : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारत की गोल्ड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री 2030 तक 25,000 रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। इस दौरान 15,000 करोड़ रुपये का निवेश इंडस्ट्री में देखने को मिल सकता है। एक रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। इंडस्ट्री बॉडी पीएचडीसीसीआई (पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) की ओर से कहा गया कि पुराने और नए खिलाडियों का घरेलू स्तर पर गोल्ड का उत्पादन 2030 तक बढ़कर 100 टन तक पहुंच सकता है।

इसे विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा होगा। इसके साथ ही व्यापार संतुलन में सुधार होगा और जीडीपी में योगदान बढ़ेगा। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि भारतीय गोल्ड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री तेज ग्रोथ और बदलाव के लिए तैयार है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को फायदा होगा और 2047 तक हम विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा कर पाएंगे। आगे कहा कि भारत की गोल्ड इंडस्ट्री में 2030 तक 15,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। 2023 में यह आंकड़ा 1,000 करोड़ रुपये पर था। भारत गोल्ड के बड़े बाजारों में से एक है। दुनिया में गोल्ड की कुल मांग का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत से आता है। इसे ज्यादातर आयात के जरिए पूरा किया जाता है। अग्रवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में भारत में गोल्ड का उत्पादन 16 टन है, जो कि 2030 में 100 टन हो जाएगा।

इससे आयात में काफी कमी देखने को मिल सकती है। गोल्ड की आपूर्ति सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2030 तक 1,000 टन होने की उम्मीद है, जो कि फिलहाल 857 टन है।

अग्रवाल ने आगे कहा कि घरेलू गोल्ड उत्पादन बढ़ने से अर्थव्यवस्था अधिक आत्मनिर्भर बनेगी। 2030 तक गोल्ड उत्पादन की जीडीपी में हिस्सेदारी 0.10 प्रतिशत की हो सकती है, जो कि फिलहाल 0.04 प्रतिशत है। गोल्ड पर सरकार को मिलने वाला जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) बढ़कर 2030 तक 2,250 करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो कि मौजूदा समय में 300 करोड़ रुपये पर है।

# भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद, सेंसेक्स 79,900 के नीचे फिसला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र काफी उठापटक वाला रहा। बाजार के मुख्य सूचकांक करीब सपाट बंद हुए हैं। कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 27 अंक और निफ्टी 8 अंक की मामूली गिरावट के साथ क्रमशः 79,897 और 24,315 पर थे। दिन के दौरान लार्ज की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी का ट्रेंड देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 227 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,148 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 129 अंक या 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,919 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो मीडिया, पीएसई, कमोडिटी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। वहीं, रियल्टी, फार्मा और ऑटो में लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में 16 शेयर तेजी के साथ और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, टाइटन, एसबीआई, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। कारोबारी सत्र में बाजार की शुरूआत सपाट हुई थी। सेंसेक्स ने 80,170 के उच्चतम स्तर और 79,464 के न्यूनतम स्तर को छुआ। जानकारों का कहना है कि बाजार एक सीमित दायरे में है और प्रीमियम वैल्यूएशन पर टिकने की कोशिश कर रहा है। एफआईआई खरीदारी और बजट के कारण व्यापक स्तर पर माहौल सकारात्मक बना हुआ है। बाजार का फोकस अमेरिका में महंगाई के आंकड़े और फेड द्वारा ब्याज दरों को लेकर लिए जाने वाले फैसले पर है।

## राशिफल

**मेष :** आज व्यापार और व्यापार के संदर्भ में अपेक्षित सफलता प्राप्त होना संभव है. आपकी आमदनी में वृद्धि हो सकती है। कहीं से अचानक धन लाभ या उपहार मिल सकता है।

**वृष :** आज का दिन अनुकूल रहेगा। परिवार में किसी शुभ आयोजन की रूपरेखा बनेगी। विद्यार्थी अपना समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे, इससे उन्हें सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** बोझिल और आलस्य के कारण आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है. आज आप किसी ऑफिस मीटिंग में हिस्सा लेंगे। विचारों को महत्व मिलेगा।

**कर्क :** ऑफिस में आप कुछ लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। आप नौकरी बदलने या अतिरिक्त आय के लिए भी विचार कर सकते हैं। आप भाग्यशाली हो सकते हैं।

**सिंह :** आपको विभिन्न स्तरों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे और यह स्थिति आपको समय पर काम पूरा करने से रोकेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। प्रेम–संबंध में आपको कोई सुखद सरप्राइज मिलेगा।

**तुला :** आज आपकी चिंता कम रहेगी और इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा. व्यापार में रुकावटें आएंगी। प्रतिस्पर्धियों से विवाद होने की संभावना है।

**वृश्चिक :** व्यापार में लाभ के योग हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए समय सही है। रुके हुए काम पूरे होंगे। पुरानी समस्याएं सुलझ सकती हैं। शत्रुओं पर विजय मिलने के योग हैं।

**धनु :** आज शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। आप सकारात्मक सोच रखेंगे। आप लोगों को प्रभावित करने के लिए अपने संचार कौशल का उपयोग करेंगे।

**मकर :** आज आपको अपने रिश्तेदारों का आर्थिक सहयोग मिल सकता है. करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ :** आज आप दुविधा में रहेंगे. काम का बोझ अधिक रहेगा। नया काम शुरू न करें। आपका खराब व्यवहार आपको परेशानी में डाल सकता है।

**मीन :** अचानक लाभ मिलने के योग हैं। अगर आपका पार्टनर भी आपकी मदद करेगा तो धन लाभ हो सकता है। पुराना कर्ज खत्म हो सकता है।

## चुटकुले

पुलिस : हम पुलिस हैं, दरवाजा खोलो!
पप्पू : क्यों खोलूं?
पुलिस : क्योंकि हमें कुछ बात करनी है।
पप्पू : तुम लोग कितने हो!
पुलिस : हम 3 हैं।
पप्पू : तो आपस में बात कर लो ना,
मेरे पास टाइम पास नहीं है

लड़की – लड़के तो नालायक होते हैं
हम लड़कियां पढ़ाकू होती हैं
लड़का – लड़के भी किसी से कम नहीं होते
लड़की – लड़कियां आगे हैं
लड़का – अच्छा एक सवाल का जवाब बता
लड़की – हाँ पूछो
लड़का – ऐसी क्या चीज है
जो फ्रिज में रखने पर भी गर्म ही रहती है
लड़की – पता नहीं
लड़का – गरम मसाला ?
देखा हम किसी से कम नहीं

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं वे एक उदास, अकेला और मानसिक रूप से अस्थिर होने की संभावना रखते हैं, एक अध्ययन में पाया गया है।
- आइसलैंड बहुत dipressed है : इसमें दुनिया की सबसे अधिक एंटीडिपेसेंट उपयोग की दर है।
- मध्यम व्यायाम केवल इलाज नहीं कर सकता लेकिन वास्तव में लंबे समय तक अवसाद के एपिसोड को रोकने में मदद करता है।
- सीखा असहायता एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति शक्तिहीनता की भावना से ग्रस्त है, जो एक दर्दनाक घटना से उत्पन्न होता है या सफल होने में लगातार विफलता होती है। यह अवसाद के अंतर्निहित कारणों में से एक माना जाता है।
- पिताजी में प्रसवोत्तर अवसाद बहुत वास्तविक है : लगभग 10% पुरुष एक बच्चे के जन्म के बाद अवसाद के लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं।
- यह सांप विषेले सांप नहीं हैं बल्कि यह अपने शिकार पर लिपटकर उसे पूरी तरह जकड़ लेता है और जब तक शिकार जकड़ से मर ना जाए वह उसे पकड़े रहता है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# चैंपियंन ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया नहीं जाएगी पाकिस्तान : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। जानकारी के अनुसार, टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी और बीसीसीआई टूनार्मेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत कराने की पेशकश आईसीसी के सामने रखेगा। सूत्रों के अनुसार, चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी दुबई या श्रीलंका को सौंपी जा सकती है। पाकिस्तान ने आईसीसी को जो ड्राफ्ट शेड्यूल सौंपा है, जिसमें भारत के सभी मैच लाहौर में रखे गए हैं। आईसीसी टूनार्मेंट में हिस्सा लेने वाली 8 टीमों के बोर्ड से सहमति लेने के बाद ही इस शेड्यूल को स्वीकार करेगा। हालांकि, टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने को लेकर बीसीसीआई ने अब तक खुलकर बात नहीं की है। लेकिन बीसीसीआई ने पहले भी खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए पाकिस्तान में कोई भी मैच खेलने से साफ इनकार किया था। बीसीसीआई की ओर से भारत की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

इस पूरे मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि ऐसी स्थिति में हाइब्रिड मॉडल पर काम किया जा रहा है और जल्द इस बात का हल निकाला जाएगा, लेकिन एक बात तय है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारत एशिया कप की तरह यूएई या श्रीलंका में अपने मैच खेल सकता है, हालांकि आईसीसी का अंतिम फैसला आना अभी बाकी है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 के बाद से कोई द्विपक्षीय क्रिकेट दौरा नहीं हुआ है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम 2023 एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत आई थी। बीसीसीआई हमेशा से कहता रहा है कि टीम पाकिस्तान तभी जाएगी जब केंद्र सरकार इसकी अनुमति देगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान में किया जाना है। इसमें मेजबान पाकिस्तान के अलावा सात देश भाग लेंगे।

# कोच बनने के बाद एक्शन में गंभीर, बीसीसीआई के सामने रखी ये मांग






**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को गौतम गंभीर के रूप में एक नया मुख्य कोच मिला है, लेकिन उनके सपोर्टिंग स्टाफ का चयन अभी बाकी है। इस बीच गंभीर ने बीसीसीआई के सामने एक मांग रखी है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम गंभीर टीम के सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में नीदरलैंड के पूर्व क्रिकेटर रियान टेन डोइशे को शामिल करना चाहते हैं। गंभीर और यह डच खिलाड़ी पहले एक साथ केकेआर के लिए काम कर चुके हैं। केकेआर के साथ अपनी भूमिका के अलावा, टेन डोइशे फ्रेंचाइजी की सहायक कंपनियों में कई पदों पर हैं, जिनमें कैरेबियन प्रीमियर लीग, मेजर लीग क्रिकेट और आईएलटी20 शामिल हैं। गंभीर, जिन्होंने टीम के प्रबंधन में फ्री हैंड की डिमांड पहले ही कर दी थी, 44 वर्षीय डच को अपने प्रमुख सहयोगी के रूप में चाहते हैं। हालांकि, अंतिम निर्णय बीसीसीआई के पास है जिसने हाल ही में कोचिंग भूमिकाओं के लिए केवल भारतीय को नियुक्त करने का पक्ष लिया है। इससे पहले, रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत के पूर्व ऑलराउंडर और केकेआर बैकरूम टीम का अभिन्न हिस्सा अभिषेक नायर, सहायक कोच के तौर पर गंभीर की टीम से जुड़ सकते हैं। अगर टेन डोइशे को चुना जाता है तो वह क्या भूमिका निभा सकते हैं, ये तय होना बाकी है, क्योंकि बीसीसीआई राहुल द्रविड़ की मौजूदा कोचिंग टीम के सदस्य टी दिलीप को फील्डिंग कोच के पद पर बनाए रखना चाहता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर गौतम गंभीर ने सच में ऐसी कोई मांग बीसीसीआई के सामने रखी है, तो क्या बोर्ड उनकी यह मांग पूरी करेगा? गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए मुख्य कोच बन चुके हैं। करीब-करीब आठ साल बाद गौतम गंभीर टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में श्रीलंका में वापसी करेंगे। बस फर्क यह है कि वो इस बार बतौर खिलाड़ी नहीं, बल्कि कोच की भूमिका में नजर आएंगे। गंभीर पहले भी कई बार कह चुके हैं कि उनके दिमाग में सिर्फ जीत चलती है, जिसके लिए वो कुछ भी करने को तैयार हैं। गंभीर का रिकॉर्ड भी इसका गवाह है। यानी गंभीर जानते हैं कि बड़े मुकाबलों में कैसे सबसे दमदार प्रदर्शन करना होता है। टीम इंडिया पिछले 10 वर्षों में कई बार लड़खड़ाई। बात चाहे नई तकनीक और एडवांस क्रिकेट की हो, गंभीर हर मायने में नए लड़कों के साथ तालमेल बिठा सकते हैं।

# पार्षद मनोज त्यागी ने नाले में गिरकर बच्ची की मौत के मामले में जताया शोक

## कहा समय पर बन जाता नाला तो नहीं जाती जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के वार्ड-56 से पार्षद मनोज त्यागी ने बीते मंगलवार को अवंतिका चिरंजीव विहार में एक नाले में गिरकर हुई बच्ची की दर्दनाक मौत के मामले पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की लापरवाही और समय रहते नाले के निर्माण का मामला उठाया है। उन्होंने कहा है कि अगर अधिकारी समय रहते नाले का निर्माण करवा देते तो बच्ची की जान नहीं जाती। वहीं पार्षद मनोज त्यागी ने कहा है कि इस नाले की सफाई वैसे नगर निगम समय-समय पर करवाता रहता था। बता दें कि 9 जुलाई को एक छोटी बच्ची का नाले में पैर फिसल गया था। नाले से बच्ची को निकाला गया, उसको अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई थी। बच्ची का परिवार बेहद गरीब है। वहीं आसपास के लोग ही बच्ची की पढ़ाई का खर्चा उठाते थे।





### लोकल पुलिस ने की मदद पर नहीं बची जान

**करंट क्राइम।** पार्षद मनोज त्यागी ने इस पत्र में लिखा है कि इस पूरे मामले में अवंतिका चौकी प्रभारी विकास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका। जिसका इलाके के सभी क्षेत्रवासियों को अफसोस है। उन्होंने कहा इस दुखद दुर्घटना में स्थानीय लोग और वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। साथ ही दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को सहयोग भी किया जाएगा।

## 3 भारतीय क्रिकेट कोच जिनका अंतर्राष्ट्रीय करियर गौतम गंभीर से भी शानदार रहा

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ को रिप्लेस किया है। गंभीर भारत के शानदार बल्लेबाज रह चुके हैं जिन्होंने 58 टेस्ट, 147 वनडे और 37 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। गंभीर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 10,000 हजार से ज्यादा रन बनाए, जिसमें 20 शतक भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पास हेड कोच के तौर पर ऐसे नाम भी रहे हैं जिनका टीम इंडिया करियर गंभीर से बेहतरीन रहा है। इसमें अनिल कुंबले का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है जो 132 टेस्ट मैचों में 619 विकेट लेकर आज भी भारत के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# कोलंबिया उरुग्वे को हराकर कोपा अमेरिका के फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका)।** कोलंबिया ने उरुग्वे को 1-0 से हराकर अपने 28 मैचों के अजेय क्रम को आगे बढ़ाया और बुधवार देर रात कोपा अमेरिका के फाइनल में जगह बना ली। कोलंबिया रविवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल में अर्जेंटीना से खेलने के लिए मियामी गार्डन जा रहा है, जबकि उरुग्वे तीसरे स्थान का निर्धारण करने के लिए शनिवार को बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में कनाडा से खेलने के लिए चार्लोट में रहेगा। पहले 10 मिनट में दो बाजीगरों ने सावधानीपूर्वक एक-दूसरे का परीक्षण किया, जिसके परिणामस्वरूप केवल एक ही शॉट लगा। ऐसा लग रहा था कि कोलंबिया पहला बड़ा मौका बना सकता है, लेकिन वह उरुग्वे के डार्विन नुनेज थे जो करीब आये। नुनेज ने पेनल्टी क्षेत्र में कई कोलंबियाई रक्षकों को छकाया और निचले बाएँ कोने पर एक शक्तिशाली शॉट लगाया, जो बाल-बाल बच गया। कई मौकों के बावजूद उरुग्वे का स्ट्राइकर गोल नहीं कर सका। ब्राजील के खिलाफ चोट के कारण सेंटर बैक रोनाल्ड अराउजो को खोने के बाद, उरुग्वे को एक और झटका लगा जब रोड्रिगो बेंटनकुर 35वें मिनट में घायल होकर बाहर चले गए और उनकी जगह गिलर्मो वरेला आए। 40वें मिनट में, जेम्स रोड्रिग्ज की सेट-पीस डिलीवरी के कारण कोलंबिया अंततः गोल करने में सफल हो गया। रोड्रिग्ज के व्हीप्ड कॉर्नर को जेफरसन लेर्मा ने पाया, जिसने इसे रोशेट के निकट पोस्ट में पहुंचा दिया। यह गोल कोलंबिया के कप्तान के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने अपने छठे संस्करण के साथ एकल टूर्नामेंट संस्करण में सबसे अधिक सहायता के लिए लियोनल मेसी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिससे कोलंबिया को सेमीफाइनल में बढ़त मिल गई। 45वें मिनट में, मैच का रुख बदल गया क्योंकि डैनियल मुनोज को दूसरा पीला कार्ड मिला, जिससे कोलंबिया को हाफ टाइम से ठीक पहले 10 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया गया। 70वें मिनट तक खेल काफी खिंच गया। स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे उरुग्वे के दिग्गज लुइस सुआरेज के पास बॉक्स के शीर्ष पर शानदार मौका था, लेकिन उनका शॉट पोस्ट के किनारे से टकरा गया। 87वें मिनट में उरुग्वे की रक्षात्मक गलती के कारण कोलंबिया के माटेउस उरीबे ने मौका गंवा दिया। सात मिनट के स्टॉपेज समय के दौरान, उरीबे के पास गोल का मौका था, लेकिन रोशेट ने बार से डिफलेक्ट शॉट को बचा लिया। उरुग्वे ने अंतिम मिनटों तक मुकाबला बनाए रखा और उनके अंतिम प्रयास को कोलंबियाई डिफेंडर ने रोक दिया।




# हरियाणा के सीएम नायब सिंह टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी चहल से मिले



**हरियाणा।** गुरुग्राम और दिल्ली दौरे पर निकले हरियाणा के सीएम नायब सिंह ने विश्व विजेता टीम इंडिया के सदस्य युजवेंद्र चहल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चहल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। टीम इंडिया ने बारबाडोस में 29 जून को दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप पर अपना कब्जा जमाया। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले युजवेंद्र चहल 15 सदस्यीय भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसके चलते उन्हें हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया। इस दौरान चहल का परिवार भी वहां मौजूद था। युजवेंद्र चहल का जन्म 23 जुलाई 1990 को हरियाणा के जींद जिले में हुआ था। शुरूआती दिनों में अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को खूब छकाने वाले चहल टी 20 विश्व कप 2024 की टीम में प्लेइंग-11 में जगह बनाने में सफल नहीं हुए, लेकिन टीम इंडिया में हमेशा उनका योगदान अतुलनीय रहेगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने एक्स पर लिखा, टी20 विश्व कप की विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे और हरियाणा की मिट्टी के लाल युजवेंद्र चहल से मिलना हुआ। युजवेंद्र चहल ने पूरे देश सहित हरियाणा के असंख्य युवाओं को क्रिकेट के प्रति और खेलों में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित किया है। इस शानदार विजय के लिए उनको और समस्त भारतीय टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं। सोशल मीडिया पर चहल और नायब सिंह की मुलाकात का फोटो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि सीएम ने चहल को पहले विश्व कप विजेता मेडल पहनाया। फिर शाल पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए उस मुकाबले में भारत ने 7 रनों से जीत हासिल की थी। भारत ने प्रतियोगिता में कोई मैच नहीं हारा था और 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया था। विश्व कप का फाइनल मुकाबला जीतने के बाद कप्तान रोहित समेत टीम के सभी खिलाड़ी काफी भावुक थे। रोहित और विराट कोहली की आंखों में आंसू थे। भारतीय टीम के स्वदेश आगमन के बाद उनका भव्य स्वागत हुआ था। टीम से दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की थी और फिर टीम मुंबई के मरीन ड्राइव से विजय परेड में भाग लेते हुए वानखेड़े स्टेडियम गई थी, जहां बीसीसीआई ने टीम को सम्मानित किया था।

## नीरज चोपड़ा समेत भारत के टॉप-5 दावेदार

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 के शुरू होने में अब सिर्फ दो हफ्ते बचे हैं। भारत के शीर्ष एथलीटों में उत्साह बढ़ता जा रहा है, जो फ्रांस की राजधानी में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। इस बार ओलंपिक में भारतीय एथलीट्स के पास पुराने सारे रिकॉर्ड्स ध्वस्त करने का सुनहरा मौका रहेगा, क्योंकि भारतीय दल में दुनिया के कई बेहतरीन एथलीट शामिल हैं। ओलंपिक इस साल का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसका आयोजन फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा। भारत का प्रतिनिधित्व अगल-अलग खेलों में लगभग 120 खिलाड़ियों का दल करेगा। इस समूह में पहली बार ओलंपिक खेलने जा रहे और अनुभवी दिग्गज दोनों शामिल हैं।

# विंबलडन सेमीफाइनल में जोकोविच से भिड़ेंगे इटली के मुसेटी



**लंदन।** वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन में इटली में सभी की निगाहें जानिक सिनर पर थीं, लेकिन यह लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचकर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के साथ मुकाबला करने की देश की उम्मीदों को जिंदा रखा है। ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। बुधवार को मुसेटी ने अपने करियर का अब तक का संभवतः सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 7-6(5), 6-2, 3-6, 6-1 से हरा दिया। ऐसा करने पर, 22 वर्षीय खिलाड़ी इवेंट के इतिहास में केवल चौथा इतालवी पुरुष एकल सेमीफाइनलिस्ट बन गया। मंगलवार को वर्ल्ड नंबर 1 सिनर के दानिल मेदवेदेव से हारने के बाद भी, मुसेटी ने अपने पहले प्रमुख क्वार्टरफाइनल में उत्कृष्ट और संयमित प्रदर्शन के साथ इतालवी टेनिस की ताकत की तुरंत याद दिला दी। 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने ग्रास-कोर्ट के एक विशिष्ट प्रतिद्वंद्वी को चकमा देने के लिए अपने स्लाइस बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल किया और जोकोविच के साथ अंतिम-चार मुकाबले की तैयारी कर ली। दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट मुसेटी ने तीन घंटे, 27 मिनट में यह मुकाबला जीता। ऑल-इंग्लैंड क्लब के नंबर 1 कोर्ट पर अपनी पहली उपस्थिति में मुसेटी की जीत की नींव उनकी सर्विस थी। मुसेटी ने एटीपी टूर के सबसे बड़े सर्वरों में से एक के खिलाफ अर्जित 13 ब्रेक प्वाइंट में से छह को परिवर्तित किया। हालाँकि, तीन बार के ईस्टबॉर्न चैंपियन फ्रिट्ज मैच की स्थिति को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सके। मुसेटी ने विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट के रूप में अपने देशवासियों निकोला पिएट्रांगेली (1960), माटेओ बेरेटिनी (2021) और सिनर (2023) के साथ जुड़ने के लिए एक प्रसिद्ध जीत हासिल की। एलेक्स डी मिनौर चोट के कारण जोकोविच के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले विंबलडन से हट गए। नौवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ने घोषणा की कि वह सात बार के चैंपियन जोकोविच के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ हैं। एक संवाददाता सम्मेलन में, डी मिनौर ने आर्थर फिल्स के खिलाफ चौथे दौर की जीत के अंतिम चरण में अपने कूल्हे की चोट के बारे में बात की थी, और वह बुधवार को सेंटर कोर्ट पर दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच से मुकाबला करने के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए।

# एटकिंसन की घातक गेंदबाजी; क्रॉली, पोप के अर्धशतकों से इंग्लैंड मजबूत

**लंदन।** गस एटकिंसन ने अपने पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरूआती दिन बुधवार को 45 रन पर 7 विकेट लेकर टेस्ट इतिहास में पदार्पण करने वाले इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक पारी में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज किया। पहले दिन स्टंप्स तक, इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (76) और ओली पोप (57) के अर्धशतकों की मदद से 40 ओवरों में 189/3 का स्कोर बनाकर 68 रनों की बढ़त ले ली। पहले दिन जब सभी की निगाहें अपने विदाई मैच में जेम्स एंडरसन पर थीं, तो वह एटकिंसन ही थे जिन्होंने ताबड़तोड़ विकेट लिए। उनका 7-45 वर्ष 1995 में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिक कॉर्क के 7-43 के बाद दूसरा और 1976 में जॉन लीवर के भारत के खिलाफ 7-46 से बेहतर था। एटकिंसन की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में 121 रन पर समेट दिया। एंडरसन, जिनकी बेटी ने लॉर्ड्स में टेस्ट मैच की शुरूआत का संकेत देने के लिए पारंपरिक घंटी बजाई थी, ने 10.4 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। एंडरसन, जो 188 टेस्ट खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के बाद सेवानिवृत्त होंगे, को इंग्लैंड टीम ने सम्मानित किया और कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा पहले गेंदबाजी करने के लिए चुने जाने के बाद राष्ट्रीय गान के बाद उन्हें मैदान पर टीम का नेतृत्व करने के लिए कहा गया। एटकिंसन ने शानदार शुरूआत करते हुए टेस्ट क्रिकेट में अपनी दूसरी ही गेंद पर वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को आउट कर दिया और बल्लेबाज को अपने स्टंप्स पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया। कर्क मैकेंजी, एलिक अथानाज, जेसन होल्डर, जोशुआ दा सिल्वा, अल्जारी जोसेफ और शामर जोसेफ सभी बाद में 26 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एटकिंसन का शिकार बन गए, जो याद रखने लायक दिन था। एटकिंसन के सक्रिय होने के साथ, वेस्ट इंडीज 88/3 से केवल सात ओवरों में 121 पर आउट हो गया। पहली पारी में, इंग्लैंड ने पहले दिन बाद में जोरदार जवाब दिया, जिसमें जैक क्रॉली और ओली पोप ने अर्द्धशतक लगाया। अपनी पहली पारी में मेजबान इंग्लैंड ने शुरूआती विकेट खो दिया। 29 रन के स्कोर पर ओपनर बेन डकेट का विकेट तीन के स्कोर पर गिर गया। लेकिन क्रॉली और पोप ने 94 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को बचा लिया और उन्हें वेस्टइंडीज के पहली पारी के स्कोर से आगे ले गए। उन्होंने इंग्लैंड को 11.2 ओवर में पचास रन के पार पहुंचाया और फिर पारी के 24वें ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया। पोप 70 गेंदों में 10 चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी थे। क्रॉली ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया और 74 गेंदों में नौ चौकों की मदद से यह उपलब्धि हासिल की। जेसन होल्डर ने वेस्ट इंडीज को खेल में वापस ला दिया जब उन्होंने पोप को विकेट के सामने फंसाया। क्रॉली जल्द ही आउट हो गए और इंग्लैंड का स्कोर 153/3 हो गया। लेकिन जो रूट (नाबाद 15) और हैरी ब्रूक (नाबाद 25) चौथे विकेट की साझेदारी में अविजित 36 रन जोड़कर टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया।



# यूरो 2024 में युवा लैमिन यामल के जादुई गोल को गौतम अदाणी ने सराहा



**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी स्पेन के युवा फुटबॉलर लैमिन यामल की सराहना की है। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में एक शानदार गोल किया। 16 साल के इस स्टार विंगर ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। यूरो 2024 सेमीफाइनल के दौरान फ्रांस के खिलाफ जब स्पेन 0-1 से पीछे चल रहा था, तब यामल ने टीम को बराबरी के स्कोर तक पहुंचाया। गौतम अदानी ने एक्स पर पोस्ट किया, कल 20:16 पर फुटबॉल की दुनिया थम सी गई थी। 16 वर्षीय लैमिन यामल ने 20 गज की दूरी से जादुई गोल किया। संयोग? हो सकता है। प्रतिभा? अविश्वसनीय! सभी युवाओं के लिए यह कितनी प्रेरणादायक कहानी है। विनम्र और चुनौतीपूर्ण शुरूआत, रोजाना अपनी मां से बात करना, अपने साथ स्कूल की पाठ्यपुस्तकें रखना और फिर भी इस युवा ने इतिहास रच दिया है। बार्सिलोना और स्पेन दोनों के लिए खेलने और गोल करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बन गया है।" छह साल की उम्र में यामल की खोज करने के लिए बार्सिलोना को बधाई! कमाल है। युवाओं की शक्ति बहुत तेज होती है! स्पेन और यामल को बधाई! पोस्ट में आगे लिखा गया है, ₹इसे आगे ले आओ, यूरो 2024। शनिवार को 17 साल के होने वाले यामल ने बार्सिलोना के साथ पहले ही कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं 2022-23 सीजन में क्लब के साथ ला लीगा जीतने के बाद, स्ट्राइकर अब अपनी दूसरी बड़ी ट्रॉफी और स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कगार पर है। वह सोमवार को ओलंपियास्टेडियन बर्लिन में यूरो 2024 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे।

# दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत, चार घायल

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम में एक अर्टिगा कार और ऑटो की जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई है वहीं ऑटो में सवार 4 लोग घायल हो गए। यह हादसा इंदिरापुरम के पास वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे हुआ। कार चालक मौके से फरार हो गया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को कार और ऑटो की टक्कर की जानकारी मिली। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। इस दुर्घटना में शरीफ नाम के बुजुर्ग की मौत हो गई। साथ ही ऑटो में सवार कालू गुप्ता, रामकरण, पिंटू गुप्ता और चालक मोनू पांडे गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें एमएमजी में भर्ती कराया गया है।

मृतक शरीफ के बेटे ने थाने में तहरीर दी है, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।





# गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे पीयूष चावला



**नई दिल्ली।** सीनियर लेग स्पिनर पीयूष चावला दोबारा उत्तर प्रदेश लौट आए हैं और वह आने वाले घरेलू सीजन के साथ ही अगस्त में लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में होने वाली उत्तर प्रदेश टी20 लीग में भी खेलते दिखेंगे। दो बार के विश्व चैंपियन लेग स्पिन ऑलराउंडर 2016 में उत्तर प्रदेश छोड़कर गुजरात चले गए थे। उन्होंने सात साल तक गुजरात के लिए घरेलू क्रिकेट खेला और अब वह फिर से उत्तर प्रदेश वापसी के लिए तैयार हैं। वह फि लहाल उत्तर प्रदेश के लिए सफेद गेंद की क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी खेलने की संभावना से पूर्ण इनकार नहीं किया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए चावला ने बताया कि वह सफेद गेंद से उत्तर प्रदेश के लिए इस सीजन खेलेंगे लेकिन लाल गेंद यानी रणजी ट्रॉफी खेलने पर भी विचार करेंगे। चावला ने उत्तर प्रदेश के लिए अपना पिछला मैच अक्टूबर 2016 में जयपुर में बंगाल के खिलाफ खेला था, जिसमें वह चोटिल हो गए थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दूसरे सबसे अधिक 192 विकेट लेने वाले गेंदबाज 35 वर्षीय चावला दो सप्ताह के अंदर अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगे। अभी तक वह पहले वनडे विश्व कप और बाद में टी20 विश्व कप की कमेंट्री में व्यस्त दिखे थे। चावला उत्तर प्रदेश के सबसे सफलतम क्रिकेटरों में से एक हैं। उन्होंने 2005 में उत्तर प्रदेश के लिए पदार्पण किया। उनके नाम तीनों फॉर्मैट में मिलाकर 1014 विकेट हैं, जिसमें प्रथम श्रेणी में 445, लिस्ट ए में 254 और टी20 में 315 विकेट शामिल हैं। वह भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 भी खेल चुके हैं और 2007 टी20 विश्व कप व 2011 वनडे विश्व कप विजेता दल के सदस्य भी थे।

# श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आयोजित संत सनातन कुंभ में लगा संतों का मेला

## ब्रहमलीन महंत गौरी गिरी महाराज समेत 28 गुरु मूर्तियों को दी गई श्रद्धांजलि

**● संत ही समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं: महंत नारायण गिरी महाराज**







**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में ब्रहमलीन श्रीमहंत गौरीगिरी महाराज व अन्य सिद्धगुरू मूर्तियों की स्मृति में आयोजित 10 दिवसीय संत सनातन कुंभ का बुधवार को श्रद्धांजलि सभा व संत भंडारे के साथ समापन हो गया। श्रद्धांजलि सभा व संत भंडारे में हजारों संतों ने भाग लिया। देश के विभिन्न शहरों से संत बुधवार को दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि ऊर्ध्वाम्नाय काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनन्त विभूषित पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि संतों ने शुरूआत से ही धर्मान्धता, रूढ़ियों का अंधानुकरण, जातिगत भेदभाव, सम्प्रदायगत कट्टरता आदि विघटनकारी ताकतों का विरोध किया। उन्होंने मानव की श्रेष्ठता का मूल्यांकन उसके सदाचार के आधार पर किया। श्रीपंचदशनाम जूना अखाडा के अन्तर्राष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् के महामंत्री महंत हरि गिरी महाराज ने कहा कि सच्चे संत जाति, धर्म, मत, पंथ, सम्प्रदाय आदि दायरों से परे होते हैं। ऐसे करुणावान संत ही अज्ञान.निद्रा में सोये हुए समाज के बीच आकर लोगों में भगवद्भक्ति, भगवद्ज्ञान, निष्काम कर्म की प्रेरणा जगाते हैं और समाज को सही मार्ग दिखाते हैं। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी महाराज ने कहा कि श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर व मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरी महाराज पूरे विश्व में हिंदू सनातन धर्म की पताका फहराकर देश के प्राचीन गौरव को पुर्नस्थापित करने का कार्य कर रहे हैं। महंत नारायण गिरी महाराज ने कहा कि संत ही समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं। वे समाज का मार्गदर्शन करते हैं और उसे सही मार्ग दिखाते हैं। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में साक्षात रूप से भगवान दूधेश्वर विराजमान हैं और मंदिर सदैव ही ब्रहमलीन श्रीमहंत गौरी गिरी महाराज जैसे सिद्ध संतों का वास रहा है, जिन्होंने समाज को सही मार्ग दिखाने का काम किया। बुधवार को प्रातः 9 बजे सिद्ध गुरु मूर्तियों की समाधि का पूजन किया गया। भगवान दूधेश्वर, भगवान दत्तात्रेय व मंदिर में विराजमान भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान सत्यनारायण समेत सभी देवी- देवताओं का पूजन किया गया। प्रातः 11 बजे से श्रद्धांजलि सभा का आरंभ हुआ जिसमें ब्रहमलीन श्रीमहंत गौरी गिरी महाराज समेत मंदिर में स्थापित सभी 28 सिद्ध गुरुमूर्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संतों के भंडारे की व्यवस्था मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग व उपाध्यक्ष अनुज गर्ग द्वारा की गई। दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल,गौरव शर्मा , शंकर झा, लक्ष्मी कांत पाढ़ी, अमित, मुकेश ,तोयराज उपाध्याय, विकास पाण्डेय, नित्यानंद आचार्य, अतुल कुमार शर्मा ,रोहित त्रिपाठी ,दीपांकर पांडेय आदि द्वारा संतों का स्वागत- अभिनंदन किया गया।

### देशभर के संत हुए सनातन कुंभ में शामिल

**करंट क्राइम।** श्रद्धांजलि सभा का संचालन राजस्थान से आए नवरत्न सोनी ने किया। श्रद्धांजलि सभा में महन्त पृथ्वी गिरि महाराज गादीपति बालक हिसार हरियाणा, महन्त मोहन भारती महाराज सचिव पंचदशनाम जूना अखाड़ा डेरा भगाना हरियाणा, महन्त महेश पुरी महाराज सचिव पंचदशनाम जूना अखाडा हरिद्वार, महन्त शैलेंद्र गिरि महाराज सचिव श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा, शिव मंदिर गुलजारी वाला धाम कैराना रोड शामली, महंत केदार पुरी महाराज महामंत्री जूना अखाड़ा, अष्टकौशल महंत विद्यानंद गिरी महाराज पंजाब, महंत शिववन महाराज निरंजनी अखाड़ा सुथियाना, स्वामी विद्या चेतन महाराज नैमिष पीठाधीश्वर, स्वामी अभयारणय सामवेदी, दिल्ली संत महामंडल के संगठन मंत्री महामंडलेश्वर स्वामी कंचन गिरी महाराज, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र पुरी महाराज आरटीओ, कोतवाल मंगलदास महाराज, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज, वृंदावन से जूना अखाड़ा की महंत साध्वी विष्णु प्रिया गिरी महाराज, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मार्गदर्शक दिनेश, महंत शैलेंद्र गिरी महाराज मध्य प्रदेश, पंडित महेश वशिष्ठ, महंत कन्हैया गिरी महाराज, महंत रमेशानंद गिरी महाराज, महंत रमण गिरी महाराज गंगापुर, महंत गिरिशानंद गिरि जी , महंत मुकेशानंद गिरी महाराज वैद्य, महंत विजय गिरी महाराज, महंत जगदीश गिरि राजस्थान, श्मशानवासिनी महंत साध्वी कैलाश गिरी महाराज, आचार्य ऋचा वशिष्ठ सदस्य सलाहकार समिति रेलवे, शशि नागर, गोविन्द सोलंकी प्रवक्ता अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद उज्जैन, डॉ. राहुल कटारिया पत्रकार उज्जैन, बीके शर्मा हनुमान, अजय चोपड़ा आदि भी मौजूद रहे।




### दिल पर है भार मगर जहां मिली है हार उनका भी बहुत बहुत आभार

लोकसभाई फूल वाले इन दिनो विधानसभा में जाकर जीत का आभार जता रहे हैं। जहां जीत मिली हैं वहां भी जता रहे हैं और जहां हराने के लिये पूरे जोर लगे वहां भी जता रहे हैं। कहने वाले ने कहा कि पार्टी का ये भी अजब दस्तूर है मगर क्या करे सब मजबूर है। चलो साहिबाबाद में जीते बहुत बहुत आभार,शहर में जीते उनका भी दिल से आभार और मुरादनगर में जीते तो वहां वालों का भी आभार। लेकिन धौलाना का फसाना किसे बताये और कैसे बतायें। सांसद को वहां भी आभार व्यक्त करना हैं जहां उन्हे हराने के लिये कोशिशे भी की गई और साजिशे भी रची गई। वैसे तो सासंद एक मंच से कह चुके हैं कि जिन्होने भाजपा के लिये वोट तक नही मांगे,जो चुनाव प्रचार के लिये नही आये तो ऐसे लोगो का सम्मान बंद होना चाहिये। कहने वाले ने कहा कि वो एक बार उन्हे भी मेंशन करें जिन्होने इलेक्शन में सामने हार पहनाये और पीछे हार की कामना की। जिले में अभिनंदन का चंदन भी वो ही लगा रहे हैं और उस पर कमाल ये है कि हराने वाले चेहरे अब देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार मंच से व्यक्त करेगें।

### चुनाव में एक मजबूर एक की मजबूरी और एक मजबूर कर देगा

विधानसभा के बचे खुचे कार्यकाल के लिये भी पूरा भौकाल बनाया जा रहा है। सर्वे भी गुपचुप तरीके से फ्लावर वालों ने कराया और सर्वे की रिपोर्ट को लेकर तुसी मुसी वाले फायर ब्रांड हो रहे हैं। अब रिपोर्ट को कोसने से वोट तो बढ़ नही जायेगें। टिकट के हालात किस के पक्ष में जायेगें इसको लेकर प्रबुद्ध वाले दावेदारी के युद्ध मोड में हैं। कहने वाले ने कहा कि यहां तिलक वालों का सीन कुछ ऐसा है मजबूर से लेकर मजबूरी के सीन तक वो ही वो हैं। खोड़ा वाले अगर साईकिल हाथ से टिकट ले आये तो रोड़ा पूरा अटका सकते हैं और माना ये जा रहा है कि अगर वो आये तो फिर एक भगवा ब्राह्मण चेहरे की मजबूरी हो जायेगी कि वो उस ब्राह्मण चेहरे की हिमायत करें जिसकी हिमायत वो फिलहाल करना नही चाह रहे। चुनाव में एक मजबूर एक की मजबूरी बन जायेगी और एक खुद आ गया तो दूसरे को हिमायत करने के लिये मजबूर कर देगा।

### जब सीन में आया पोल तो क्यों तीखे हो गये भगवा चेहरों के बोल

किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है और मेरठ से लेकर लखनऊ वालो तक गूंज रहा है। किस्सें में एक करोड़ का पार्टनर है ,किस्सें में तीस लाख का आफर है,किस्सें में हिस्सें हैं और किस्सें में साफ इंकार हैं। किस्से में सगंठन वाले हैं किस्से में पूर्व जनप्रतिनिधि हैं,किस्से में मौजूदा वाले भी हैं। बताने वाले बता रहे हैं मीडिया वाले तो 24 घंटे 7 दिन जानना ही चाहते हैं अब उन्हे क्या बतायें कि एक्स एमएलए जी के रिलेटिव है तो काम मिला ही होगा। फलाने सिहं ने एक करोड़ का शेयर लगाया मगर उसकी तो केयर ही ना हुई। रकम निकलवाने के जुगाड़ में फलानें सिंह ने फूल वाले ठाकुर साहब का दरवाजा खटखटाया और सुना है कि तीस पेटी का आफर भी दिया। भगवा ठाकुर ने आफर की केयर करते हुये बात की। लेकिन मुखिया ने मुंह ही नही लगाया और सुना है कि ये और कह दिया कि इस विषय पर आप आईंदा बात ना करे तो ठीक। अब ठाकुर साहब को दिख रहे थे पेटी में रखे तीस। सुना है उन्होने भगवा चौधरी को फोन मिलाया और मामला बताया। लेकिन मुखिया का खौफ ऐसा कि भगवा चौधरी ने भी साफ इंकार कर दिया और कह दिया कि उनसे ऐसे विषय पर मैं नही बोलूंगा।

# बड़े भाई का हत्यारा गिरफ्तार



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चचेरी बहन को गाली देने और घर से निकालने पर बड़े भाई की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार हुआ है। पुलिस ने घटना स्थल से खून से सना एक डंडा भी बरामद किया है। छोटा भाई भूपेन्द्र सिंह काफी समय से अपनी बहन के पास मेरठ के परतापुर के गांव छज्जुपुर रहता था। सोमवार रात भूपेन्द्र भोजपुर थानान्तर्गत गांव मुकीमपुर आ गया। भूपेन्द्र बड़े भाई पुष्पेन्द्र को शराब पिलाने की बात कहकर अपने साथ खेत में ले गया। सोमवार रात को दोनों भाइयों ने बैठकर जमकर शराब पी। इसी बीच दोनों के बीच फिर से विवाद हो गया। जिसके बाद डंडा निकालकर भूपेन्द्र ने पुष्पेन्द्र के सिर पर कई वार कर अधमरा कर दिया। इसके बाद वह बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना भोजपुर पुलिस को दी। पुलिस ने पुष्पेन्द्र को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मोदीनगर एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि भोजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर देर रात ही आरोपी भूपेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में भूपेन्द्र ने बताया कि फरवरी महीने में मेरा पुष्पेन्द्र से विवाद हो गया था और उसने मेरे सिर में ईट मार दी थी। इसके बाद से चचेरी बहन के पास जाकर रहने लगा। उसने बताया कि जून महीने में अपनी चचेरी बहन रिंकी के साथ गांव में आया था। उस समय भी पुष्पेन्द्र ने बहन से गाली गलौज की थी। हम दोनों को घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया था। पुष्पेन्द्र के पास कृषि भूमि काफी कम होने के चलते उसने ट्रैक्टर ले रखा है। मृतक की पत्नी उसे 7 साल पहले छोड़कर चली गई थी। मृतक ही अपने बेटों तुषार, शिवा व बेटी यशु की परवरिश कर रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक पुष्पेन्द्र ही अपने बुजुर्ग मां व पिता की देखभाल कर रहा था।

### भाइयों का विवाद सुलझाने आई थी चचेरी बहन

**करंट क्राइम।** भाई से विवाद के बाद भूपेंद्र ने घर छोड़ दिया था। वह चचेरी बहन के पास मेरठ में रहने लगा था। जून महीने में दोनों भाइयों के बीच का विवाद खत्म कराने के लिए चचेरी बहन रिंकी व अन्य रिश्तेदारों के साथ गांव मुकीमपुर में आई थी लेकिन, पुष्पेन्द्र ने उसके साथ उस वक्त भी मारपीट की थी।

# बिजली सब स्टेशन पर की तोड़फोड़, चार के खिलाफ रिपोर्ट




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में पाइपलाइन मार्ग स्थित मथुरापुर बिजली सब स्टेशन पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बिजली सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारी के साथ मारपीट कर जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पाइपलाइन मार्ग पर गांव मथुरापुर में बिजली सब स्टेशन स्थित है। गांव मकरेड़ा निवासी मनोज कुमार बिजली सब स्टेशन पर आपरेटर पर तैनात है। बताया जा रहा है कि बिजली की समस्या लेकर कुछ लोग बिजली सब स्टेशन पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। आरोप है कि कुछ युवकों ने बिजली सब स्टेशन की मशीनों से छेड़छाड़ व और फोन तक तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। मनोज ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्शन,परवीर ,मोहित निवासी निवासी मथुरापुर व जोगेन्द्र निवासी मकरेड़ा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, हालत गंभीर

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की पठानान कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर युवक व उसकी मां को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर की पठानान कॉलोनी निवासी शाहरुख का कॉलोनी के रहने वाले एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो विवाद को शांत करा दिया गया। कुछ देर बाद ही दबंगों ने घर में घुसकर शाहरुख के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसे बचाने के लिए उसकी मां आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। डंडे से वार कर शाहरुख का हाथ तोड़ दिया गया। गंभीर हालात में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




### कांवड़ यात्रा में फल भी वितरित करेगी खाकी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से कांवड़ यात्रा को लेकर तमाम तरीके की बैठकें और आयोजन का सिलसिला चल रहा है। इसी बीच खाकी वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान खाकी को एक और जतन करना है। कमिश्नरेट से सटे पश्चिम के बड़े जिले में पुलिस के सबसे बड़े अधिकारी ने शिव भक्तों को फल वितरित किए हैं। उनकी फोटो सोशल मीडिया पर भी आई हैं। अब सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में खाकी द्वारा फल वितरित करने की बाकायदा फोटो और वीडियोग्राफी कराकर लोकल पुलिस के सोशल मीडिया सेल पर इसको प्रदर्शित किया जाना है। अब ऐसा किसके आदेश और किस वजह से किया जाएगा यह पता नहीं लेकिन पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि आने वाले दिनों में पश्चिम की कांवड़ यात्रा में यह सीन आम नजर आएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा में पुलिस जो फल वितरित करेगी उसमें दो फ्रूट्स को बांटने के लिए सहमति बनी है। भले यह सीजन फलों के राजा का चल रहा हो पर वेस्ट में साउथ वाला फल अधिक वितरित किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरे फल को लेकर भी तैयारी चल रही है। पुलिस कमिश्नरेट और लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि पहले शिव भक्तों पर पुलिस ने पुष्प वर्षा करके अलग संदेश दिया था। तो इस बार फल वितरण से नई मुहिम शुरू की जानी है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की लाइन वाली एक मीटिंग को लेकर भी एक किस्सा सुनाने को मिल रहा है। सूत्रों से सुना है कि वहां एक ऐसा पकवान बना है जिसे भगवा दल वाले आमतौर पर अवॉइड करते हैं। अब खाकी वाले मैन्यू में यह डिश किसके आदेश पर और क्यों परोसी गई है यह तो विभाग वाले ही ज्यादा बेहतर बता सकते हैं। पर लाइन वाली इस मीटिंग में दो कमिश्नरेट और कई जिलों की पुलिस थी, उसके बीच इस टेस्ट को लेकर चर्चा जमकर सुनाई दे रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि मुख्य कांवड़ मार्ग वाले थानों की ओर से इस प्रबंध को करने का कार्यक्रम रखा जा सकता है। देखना होगा कांवड़ यात्रा की शुरूआत में किस दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की खाकी ज्यादा जोर देती हुई नजर आएगी। फिलहाल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा में फल वितरण का प्लान लखनऊ से ही आगे बढ़ाया गया बताया जाता है।




# पड़ोसी युवक ने छात्रा के साथ की छेड़छाड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय कक्षा सात की छात्रा के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा के साथ काफी समय से छेड़छाड़ करता आ रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एक गांव निवासी महिला अपनी 13 साल की पुत्री के साथ आठ साल से अपने मायके में रह रही है। महिला ने बताया कि चार माह पहले पड़ोस में रहने वाले युवक ने मेरी 13 साल की पुत्री के साथ अश्लील हरकत की थी। बदनामी के डर के कारण इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई। इससे आरोपी के हौसले बुलंद हो गए। बुधवार रात को पड़ोसी में रहने वाली एक बच्ची ने बताया कि दीदी को बुलाने के लिए पड़ोसी युवक ने दो सौ रुपए दिए हैं। आरोपी का इरादा मेरी पुत्री को धोखे से अपने साथ बुलाकर गलत करने का इरादा था। महिला का आरोप है कि आरोपी काफी समय से मेरी पुत्री पर गलत नीयत रख रहा था। महिला ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी और फिर थाने पहुंचकर तहरीर दी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कृषक महिलाओं के प्रशिक्षण शिविर का समापन

## महिलाओं को पौधे व प्रमाणपत्र किए वितरित







**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव मुरादपुर पुर्सी स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में पांच दिवसीय कृषक महिलाओं का रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने की। इस दौरान उन्होंने केन्द्र परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान महिलाओं को पौधे वितरित किए गए। अमरजीत सिंह बिड्डी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। प्रशिक्षण में महिलाओं को आम के विभिन्न उत्पाद बनाकर रोजगार सृजन करने की सलाह दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार कुंडू ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को मिलना चाहिए। इसलिए इनका प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाए। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए एकीकृत खेती पद्धति को अपनाने पर जोर दिया। गृह वैज्ञानिक डॉ. सरिता जौशी ने कहा कि आम के मूल्यवर्धन करने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समूह बनाकर उद्यम लगाना चाहिए। इस मौके पर सुबोध चौधरी, सीपी गुप्ता, पीके राठी, तुलसी रानी, संजीव राणा, ममता, रजनी, रश्मि त्यागी, पायल गोस्वामी, साधना, नीतू,जूली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ छात्र संसद का गठन





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि 'अरविंद ओझा' मोदीनगर व प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद भारतीय रहे। चुनाव प्रक्रिया में आवेदन जमा करना व नाम वापसी 6 जुलाई दिन शनिवार को रहा। 8 जुलाई दिन सोमवार को सभी को चुनाव चिन्ह वितरित किए गए, चुनाव प्रचार अंतिम पीरियड में रहा।

मंगलवार 9 जुलाई को भी चुनाव प्रचार हुआ तथा 10 जुलाई दिन बुधवार को विधिवत चुनाव कराया गया, जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी अरविंद भारतीय रहे और विजयी सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, सेनापति, उप सेनापति, मुख्य न्यायाधीश, निर्वाचित कर प्रधानमंत्री द्वारा सांसदों को मंत्री पद दिए गए।

11 जुलाई को प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, सेनापति , उप सेनापति व मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों को शपथ अरविंद ओझा द्वारा कराई गई। शेष मंत्रीमंडल को अरविंद भारतीय द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई, जिनके नाम निम्न प्रकार से है प्रधानमंत्री इशिका- 9वीं, उप प्रधानमंत्री उमा कश्यप 9वीं, सेनापति दीपांशु सिंह रावत 11वीं, उप सेनापति जानवी कश्यप 10वीं, नेता प्रतिपक्ष मनीष 9वीं, मुख्य न्यायाधीश कृतिका त्यागी 11वीं, न्यायाधीश आयुषी चौधरी ,भावना, सिमरन, मानवी तथा अनुशासन मंत्री ध्रुव, विद्युत आराध्या शर्मा , जल आरव चौधरी, खोया पाया शशिकांत, फर्नीचर चंद्रकेश ,चिकित्सा देवांश पाठक, खेलकूद परमवीर सिंह, अतिथि आन्या शर्मा,संस्कृति यश, पुस्तकालय लविश ,सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रणव ,वंदना रिद्धिमा ,उद्यान हर्ष , देशाटन जय वशिष्ठ, स्वच्छता नेहा, सजा शगुन, सुरक्षा आलिया,दीपांशु रहे' अरविंद भाई ओझा द्वारा सभी को बधाई देते हुए कहा कि नवनियुक्त छात्र -संसद के पदाधिकारी नया भारत का निर्माण कैसे हो इसकी चिंता कर अभी से अपने व्यवहार में लाएं जिससे हमारे सपनों का भारत का निर्माण हो सके, अरविंद भारतीय छात्र संसद के सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में भी इसी प्रकार आगे बढ़े और अपने देश का विकास करें।

स्कूल के प्रधानाचार्य महेश बाबू ने छात्र परिषद को बधाई देते हुए आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर सभी अध्यापक अध्यापिकाएं एवं छात्र उपस्थित रहे।

# पौधे हमारी धरती के फेफड़े हैं : पायलट राकेश त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ द्वारा पूर्ण ज्ञानांजलि पब्लिक स्कूल मुरादनगर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत संस्था के मैनेजर योगेंद्र सिंह की माताश्री राकेश देवी के आशीर्वाद से पौधे लगाए गये। इस अवसर पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में पायलट राकेश त्यागी महानगर संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ व मैनेजर मदर इंडिया पब्लिक स्कूल, योगेंद्र सिंह मैनेजर व पूनम सिंह प्रधानाचार्य पूर्ण ज्ञानांजलि पब्लिक स्कूल, सुनील त्यागी मैनेजर मॉडर्न नेशनल पब्लिक स्कूल, राकेश देवी डायरेक्टर पूर्ण ज्ञानांजलि इंटर कॉलेज, वीएम त्यागी मैनेजर कोलंबिया इंस्टीट्यूट, राजीव त्यागी मैनेजर एमपीएस पब्लिक स्कूल, रामेश्वर निर्माण मैनेजर मिल्टन अकादमी, स्वरूप चंद शर्मा मैनेजर शहीद मैमोरियल पब्लिक स्कूल, देवेंद्र शर्मा महासचिव व मनोज त्यागी कोषाध्यक्ष बांके बिहारी कावड़ सेवा समिति आदि शामिल रहे।

## ऑस्ट्रिया के वियना में सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय मूल के लोगों से बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 'हम सीना तानकर कह सकते हैं कि हिंदुस्तान ने युद्ध नहीं, बुद्ध दिए हैं'

**वियना।** ऑस्ट्रिया दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विएना में सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की पूरी दुनिया में बहुत चर्चा हो रही है। हजारों वर्षों से हम दुनिया के साथ ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करते रहते हैं। हमें युद्ध नहीं दिया गया। हम सीना तानकर दुनिया को कह सकते हैं कि हमने हमने युद्ध नहीं, बुद्ध दिए हैं। भारत ने हमेशा शांति की बात की है। इसलिए 21वीं सदी की दुनिया में भी भारत अपनी भूमिका को सशक्त करने वाला है। आज दुनिया भारत को विश्व बंधु के रूप में देखती है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। आज भारत के बारे में सुनकर आपका सीना भी 56 इंच का हो जाता होगा।




**'भारत और ऑस्ट्रिया अपनी दोस्ती के 75 वर्ष मना रहे' :** इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया का ये मेरा पहला दौरा है, जो उत्साह, उमंग मैं यहां देख रहा हूं वो अद्भुत है। 41 साल बाद भारत के किसी पीएम का यहां आना हुआ है। ये इंतजार एक ऐतिहासिक अवसर पर खत्म हुआ है। भारत और ऑस्ट्रिया अपनी दोस्ती के 75 वर्ष मना रहा है।

**'हम दोनों समाज बहु संवर्धित और बहुभाषी' :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत और ऑस्ट्रिया दो अलग-अलग छोर पर हैं, लेकिन हम दोनों के बीच अनेक समानताएं हैं। लोकतंत्र हम दोनों देशों को जोड़ता है। स्वतंत्रता, समानता, बहुलवाद और कानून शासन का आदर हमारी साझा मूल्य हैं। हम दोनों समाज बहु संवर्धित और बहुभाषी हैं।

**लोकसभा चुनाव पर कही यह बात :** पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया में कुछ महीनों के बाद चुनाव होने वाले हैं जबकि भारत में हमने अभी-अभी लोकतंत्र का पर्व आन बान शान के साथ मनाया है। आज भारत में चुनावों के बारे में सुनकर दुनिया भर के लोग हैरान हो जाते हैं। कुछ सप्ताह पहले ही संपन्न हुए चुनावों में 650 मिलियन से अधिक लोगों ने मतदान किया, यानी कि 65 ऑस्ट्रिया के बराबर लोगों ने इसमें हिस्सा लिया।। कल्पना कीजिए, इतनी बड़ी चुनावी प्रक्रिया होती है, लेकिन मतदान के परिणाम कुछ ही घंटों के अंदर स्पष्ट हो जाते हैं। यह हमारी चुनावी मशीनरी और हमारे लोकतंत्र की ताकत है। भारत में सैकड़ों राजनीतिक दलों के 8000 से अधिक उम्मीदवारों ने इन चुनावों में भाग लिया। इस स्तर का मुकाबला, इतना विविध मुकाबला, उसके बाद ही जनता ने अपना जनादेश दिया। .60 साल बाद किसी सरकार को भारत में लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला।

उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद के युग में हमने दुनिया भर में हर जगह राजनीतिक अस्थिरता देखी। अधिकांश देशों में सरकारों के लिए बचना आसान नहीं था। दोबारा चुने जाना एक चुनौती रही है। ऐसी स्थिति में भारत की जनता ने मुझ पर, मेरी पार्टी और ठऊअ पर अपना विश्वास जताया। यह जनादेश इस बात का प्रमाण है कि भारत स्थिरता और निरंतरता चाहता है। ये जनादेश पिछले 10 वर्षों की नीति और कार्यक्रमों का है। ये जनादेश सुशासन का है, ये जनादेश बड़े संकल्पों के लिए समर्पित होकर काम करने का है।

**'रिश्तों को मजबूती देने में जन-भागीदारी बहुत जरूरी' :** उन्होंने कहा कि भारत की तरह ही ऑस्ट्रिया का इतिहास और संस्कृति भी बहुत पुरानी और शानदार रही है। हमारा एक दूसरे से संपर्क भी ऐतिहासिक रहा है। इसका फायदा दोनों देशों को मिला है। यह फायदा संस्कृति के साथ-साथ व्यापार को लेकर भी हुआ है। मेरा हमेशा से मत रहा है कि दो देशों के बीच के रिश्ते सिर्फ सरकारों से नहीं बनते, रिश्तों को मजबूती देने में जन-भागीदारी बहुत जरूरी है। इसलिए मैं इन रिश्तों के लिए आप सभी के रोल को अहम मानता हूं।

### 'वंदे मातरम' की धुन से लेकर 'भारत माता' के जयघोष तक अद्भुत था पीएम का भाषण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में ऑर्केस्ट्रा की धुन के साथ स्वागत किया गया। ऑर्केस्ट्रा कलाकारों की मेजबानी भारतीय मूल के विजय विजय उपाध्याय ने किया। जिनका जन्म लखनऊ में हुआ था। पीएम मोदी ने चांसलर कार्ल नेहमर के निमंत्रण पर ऑस्ट्रिया की दो दिवसीय यत्रा की। यह 41 वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऑस्ट्रिया दौरा है। ऑस्ट्रिया को अपनी स्थापत्य विरासत के लिए जाना जाता है। यह वोल्फगैंग एमड्यूज मोजार्ट जैसे दिग्गज संगीतकारों की भूमि है और वियना इसके सांस्कृतिक दिल की धड़कन है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ऑस्ट्रिया दौरे को ऐतिहासिक और विशेष बताया। वियना विश्वविद्यालय फिलहारमोनिक की एक टीम ऑर्केस्ट्रा के संगीत से प्रधानमंत्री को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की धुन भी बजाई, जिस पर प्रधानमंत्री वहीं



ठहरकर खड़े हो गए। जिसके बाद उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति को 'उत्कृष्ट' बताया। पीएम मोदी ने एक्स पर इस प्रस्तुति का एक वीडियो भी साझा किया और लिखा, ऑस्ट्रिया अपनी जीवंत संगीत संस्कृति के लिए जाना जाता है। वंदे मातरम की इस अद्भुत प्रस्तुति की बदौलत मुझे इसकी एक झलक देखने को मिली।

# रूस को हथियार देने को लेकर अमेरिका की चीन को चेतावनी, कहा- दो नाव की सवारी नहीं कर सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच आई दरारों को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। यह बात विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नाटो शिखर सम्मेलन से इतर कहा। बता दें, इस सम्मेलन में अमेरिका के हिंद-प्रशांत साझेदारों-ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### जब रूस ने किया हमला...

ब्लिंकन ने कहा, 'जब रूस ने यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता दिखाई तो इसके विरोध में जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड खड़ा हुआ। यह इस बात को दशार्ता था कि ये चुनौतियां आपस में जुड़ी हुई हैं। साथ ही जब लोकतंत्र एक साथ खड़े होते हैं, चाहे वे यूरोप, एशिया या कहीं और हों, हम अधिक मजबूत और अधिक प्रभावी होंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए जैसा कि हम यहां वाशिंगटन में अपने हिंद-प्रशांत भागीदारों के साथ इकट्ठे हो रहे हैं, इसका मतलब यह है कि हम यूरोप, एशिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच आई दरारों को खत्म कर रहे हैं।



### तीसरी बार किया आमंत्रित

वास्तव में, यह लगातार तीसरी बार है, जब अमेरिका ने अपने हिंद-प्रशांत भागरीदारों को आमंत्रित किया है। यह इस तथ्य को दशार्ता है कि उनके काम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। संभवतः यह बात यूक्रेन द्वारा स्पष्ट कर दी गई थी, जब जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा था कि आज जो यूरोप में हो रहा है, वह कल पूर्वी एशिया में भी हो सकता है।

**चीन को लेकर भी विमर्श :** उन्होंने यह भी कहा कि रूस और चीन से कैसे संपर्क किया जाए इस बात पर भी विचार-विमर्श चल रहा है।

उन्होंने कहा, 'हमने पिछले डेढ़ साल में टैंक, मिसाइल, युद्ध सामग्री जैसे इसके हथियारों में बड़ी वृद्धि देखी है। चीन द्वारा मॉस्को को यह हथियार दिए जा रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि यूरोपीय सहयोगी यूरोप की सुरक्षा के लिए चीन द्वारा उत्पन्न चुनौती को समझते हैं। निश्चित तौर पर चीन दोनों तरह से नहीं चल सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह सब एक साथ नहीं हो सकता है या यह दावा नहीं किया जा सकता है कि यह शांति के लिए है और यूरोप के साथ बेहतर संबंध चाहता है, जबकि साथ ही, शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से यूरोपीय सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण खतरे को बढ़ावा दिया जा रहा है।'


**रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध :** शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा, 'हम इसे रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों में देखते हैं। यह पूरी तरह से स्पष्ट है। इन सभी क्षेत्रों में, साथ ही कुछ हाइब्रिड खतरों में, जिनका आपने पहले उल्लेख किया था, संबंध स्पष्ट और स्पष्ट होते जा रहे हैं। गठबंधन (नाटो) एक ऐसा स्थान है और शायद मैं तर्क दूंगा कि एक केंद्रीय स्थान है, जहां हम सभी को एक साथ ला सकते हैं ताकि हम एक साथ काम कर सकें।'

**चीन पर दो तरह से ध्यान :** उन्होंने कहा कि अमेरिका चीन पर दो तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

ब्लिंकन ने कहा, 'पहला, हम अपने देश में निवेश कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम घरेलू ताकत की स्थिति से चीन से मुकाबला कर रहे हैं। जब आप हमारे अपने बुनियादी ढांचे - हमारी सड़कों, हमारे पुलों, हमारे संचार - में अविश्वसनीय निवेश के साथ पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई हर चीज को देखते हैं, जब आप यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को देखते हैं कि हम अपने नेतृत्व, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक पर हमारे विश्व नेतृत्व को बनाए रखें, जब आप जलवायु प्रौद्योगिकी में किए गए निवेशों को देखते हैं, जो 21 वीं सदी की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने जा रहा है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को ताकत की स्थिति में रखता है। यूरोपीय सहयोगी ठीक यही काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन इसका दूसरा पहलू न केवल यूरोप के साथ शुरू होने वाले हमारे गठबंधनों और साझेदारियों को फिर से सक्रिय करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि चीन द्वारा उत्पन्न कुछ चुनौतियों के प्रति हमारा दृष्टिकोण समान हो।'

# 'अगर चुनाव तरीके से हुए तो डोनाल्ड ट्रंप की जीत पक्की', अमेरिकी सिख संगठन का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को चुनाव होने वाले हैं। यहां राष्ट्रपति पद के लिए दो नेताओं जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। 27 जून को हुई प्राथमिक बहस के बाद बाइडन के खराब प्रदर्शन की लगातार किरकिरी हो रही है। अब सिख अमेरिकन्स फॉर ट्रंप के प्रमुख ने कहा कि ट्रंप की लोकप्रियता पर प्राथमिक बहस का कुछ प्रभाव पड़ा है। पूर्व राष्ट्रपति की जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और कानूनी है या नहीं। वहीं, एक पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी का कहना कि देश कठिन समय से गुजर रहा है और दुनिया अमेरिकी लोकतंत्र पर करीब से नजर रख रही है।



### ट्रंप के पक्ष में काफी समर्थन

मैरीलैंड स्थित समुदाय के नेता और सिख अमेरिकन्स फॉर ट्रंप के प्रमुख जसदीप सिंह जस्सी ने अगले सप्ताह मिल्वौकी में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) से पहले कहा, 'मुझे लगता है कि हमारा समुदाय बहुत अधिक समर्थन कर रहा है। मैंने ट्रंप के पक्ष में बहुत समर्थन देखा है। हम पूर्व राष्ट्रपति के लिए फंड जुटा रहे हैं। हम जल्द ही सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।'

राष्ट्रपति ट्रंप की वित्त समिति में नियुक्त किए गए जस्सी ने कहा, 'हम इस बार राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थन में अपनी टीम को राष्ट्रव्यापी रूप से जुटाएंगे, यहां तक कि वेस्ट कोस्ट में न्यूयॉर्क, टेक्सास में भी।

**बाइडन की मानसिक क्षमता सबके सामने आई :** उन्होंने कहा, 'हम सभी राष्ट्रपति बाइडन के मुद्दों के बारे में जानते थे, जो उनके पास पिछले चार वर्षों से थे, लेकिन यह देखना बहुत दिलचस्प था।

यहां तक कि अमेरिकी जनता और मीडिया के लिए भी कि बहस के दौरान राष्ट्रपति बाइडन ने अपनी मानसिक क्षमता और अपनी विचार प्रक्रियाओं को कितना कम कर दिया है, जो पूरे समय बहुत स्पष्ट था। लेकिन किसी तरह अमेरिकी मीडिया ने इसे नियंत्रित कर लिया और लोगों को इसके बारे में पता नहीं चलने दिया।'

# 29 साल की भारतीय मूल की सांसद शिवानी ने गीता लेकर शपथ ली

**लंदन।** लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। ऐतिहासिक जीत के बाद भी लेबर पार्टी को एक सीट पर करारी हार मिली। उसे अपनी 37 साल पुरानी लीसेस्टर ईस्ट सीट से हाथ धोना पड़ा है। इस सीट पर किसी और ने नहीं बल्कि गुजराती मूल की 29 साल की शिवानी राजा ने जीत हासिल की है। इसके बाद, 10 जुलाई को वह अपने हाथ में भगवद् गीता लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंची। इससे उन्होंने एक बार फिर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।



**1987 से था लेबर का गढ़ :** बता दें कि शिवानी राजा ने कंजर्वेटिव पार्टी की ओर से लीसेस्टर ईस्ट सीट पर यह ऐतिहासिक जीत हासिल की। उन्होंने भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था। कई मायने में शिवानी की जीत महत्वपूर्ण है। इसकी एक बड़ी वजह है कि लीसेस्टर ईस्ट 1987 से लेबर का गढ़ रहा है। चुनाव में उन्हें 14,526 वोट मिले हैं, जबकि लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर अग्रवाल 10,100 वोट मिले।

**गीता की शपथ लेने पर गर्व :** संसद में शपथ लेने के तुरंत बाद शिवानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'लीसेस्टर ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज संसद में शपथ लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे गीता पर महामहिम राजा चार्ल्स के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ लेने पर सच में गर्व है।'

**हिंदू-मुसलमानों के बीच संघर्ष :** गौर करने वाली बात है कि 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के टी-20 मैच के बाद लीसेस्टर सिटी में भारतीय हिंदू समुदाय और मुसलमानों के बीच संघर्ष देखने को मिला था। हालिया इतिहास को देखते हुए शिवानी की जीत काफी अहम है। इन तनावों के बीच संसद में उनके चुनाव को एक बड़ी जीत माना जाता है।

**कौन हैं शिवानी राजा? :** शिवानी राजा का जन्म 21 जुलाई 1994 में लीजेस्टर के रशी मीड में हुआ था। उनके माता-पिता 1970 के दशक में भारत और केन्या से ब्रिटेन आए थे। राजा गुजराती मूल की हैं। ब्रिटेन चुनाव के दौरान राजा ने अपना काफी समय ब्रिटिश-भारतीय मतदाताओं को लुभाने में लगाया था। इन्होंने हेरिक प्राइमरी स्कूल, सोअर वैली कॉलेज, विगेस्टन और क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय कॉलेज से पढ़ाई की है।

# भूपेन्द्र चौधरी बने जाट समाज के महानगर अध्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविंदपुरम आई ब्लाक (मढ़ैया) में आयोजित जाट समाज की बैठक मेंभूपेंद्र सिंह बॉबी मढ़ैया वालों जाट समाज का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा, प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख, जिला अध्यक्ष आनंद चौधरी मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष सचिन सरोहा ने कहा कि सभी जाट संगठन एकजुट होकर समाज हित में संयुक्त जाट मोर्चे का गठन करके संयुक्त लड़ाई लड़ने का काम करें। उन्होंने भारत सरकार से शहीद भगत सिंह को शहीद का दर्जा देने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख ने केंद्र में जाटों को आरक्षण दिए जाने की पुरजोर वकालत की। जिला अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि जाट समाज इकट्ठा होकर समाज हित में कार्य करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी नरेश नगला, महासचिव संजीव शेखर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संदीप चौधरी प्रदेश महासचिव, सोनवीर चौधरी महासचिव, मोहित चौधरी मेरठ, सागर चौधरी युवा मंडल अध्यक्ष, सुनील चौधरी युवा मंडल उपाध्यक्ष, रणवीर प्रधान, जगबीर मलिक, महिपाल तोमर, मुकेश आदि मौजूद रहे।



# पाक : ISI को फोन कॉल ट्रेस करने का अधिकार देने पर मानवाधिकार आयोग ने जताई चिंता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने खुफिया एजेंसी आईएसआई को अपने नागरिकों के फोन कॉल को ट्रेस करने का अधिकार दिया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सरकार के इस फैसले पर एक मानवाधिकार संगठन ने आलोचना की। राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने एक बयान जारी किया। उन्होंने पाकिस्तान सरकार के इस फैसले को संवैधानिक रूप से संरक्षित कुछ अधिकारों का उल्लंघन बताया।

> **मानवाधिकार आयोग ने सरकार के इस फैसले को नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन बताया**

अपने बयान में पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने कहा, ₹हम सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई असंवैधानिक अधिसूचना से बहुत चिंतित हैं। सरकार ने खुफिया एजेंसियों को 'राष्ट्रीय सुरक्षा' के हित में किसी भी नागरिक के फोन कॉल को ट्रेस करने का अधिकार दिया है।₹ इसे संविधानिक रूप से संरक्षित कुछ अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए आयोग ने कहा, ₹यह अधिसूचना अनुच्छेद 9, 14 और 19 के तहत नागरिकों की स्वतंत्रता, गरिमा और गोपनीयता के संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकारों का घोर उल्लंघन है। यह पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो मामले में शीर्ष अदालत के फैसले की भावना का भी उल्लंघन है।

**क्या था बेनजीर भुट्टो बनाम पाकिस्तान राष्ट्रपति का मामला :** बता दें कि बेनजीर भुट्टो बनाम पाकिस्तान राष्ट्रपति 1996-97 तक निजता के अधिकार से संबंधित एक प्रमुख मामला था। इस मामले के अनुसार, पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14 द्वारा निजता के अधिकार के संदर्भ में टेलीफोन टैपिंग और ईव्सड्रॉपिंग के इस्तेमाल पर फैसला सुनाया था। पांच नवंबर 1996 में पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति फारूक लेघारी ने नेशनल असेंबली को भंग कर दिया और बेनजीर बुट्टो को प्रधानमंत्री के पद से हटा दिया। इसके साथ ही उन्होंने पीएम बेनजीर भुट्टो द्वारा निजता के अधिकार के उल्लंघन के आधार पर कैबिनेट को भंग करने और फरवरी 1997 में राष्ट्रीय असेंबली के लिए आम चुनाव कराने का भी आदेश दिया। दरअसल बेनजीर भुट्टो ने शीर्ष अदालत के जजों, राजनीतिक पार्टियों के नेताओं, उच्च स्तरीय सैन्य अधिकारियों और नागरिक अधिकारियों के फोन टैपिंग का आदेश दिया था।

# इस्राइल ने सभी फलस्तीनियों को गाजा शहर छोड़ने का दिया आदेश

**यरुशलम।** इस्राइली सेना ने सभी फलस्तीनियों को गाजा शहर से बाहर निकलने का आदेश दिया है। इसके लिए इस्राइल ने शहर के ऊपर पर्चे गिराए हैं। इन पर शहर छोड़ने का संदेश लिखा है। बताया जा रहा है कि हमास के आतंकवादी इन इलाकों में फिर से संगठित हो रहे हैं। इसलिए इस्राइल ने आबादी वाले गाजा क्षेत्र में संदेश भेजना शुरू किया है। फिलहाल अमेरिका, मिस्र व कतर इस्राइली अफसरों से युद्ध विराम पर लगातार वार्ता कर रहे हैं, ताकि शांति समझौता आगे बढ़ाया जा सके।





> **हवाई जहाज से इस्राइल ने शहर छोड़ने का संदेश लिखे पर्चे गिराए**

दक्षिण गाजा में शरण स्थली बने एक स्कूल पर हुए इस्राइली हवाई हमले में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई। वहीं भारी बमबारी के कारण उत्तर में गाजा शहर की स्वास्थ्य सेवाएं बंद करनी पड़ी हैं। इस बीच हजारों लोग शरण की तलाश में भागते दिखाई दिए। इस्राइल का यह हमला गाजा के सबसे बड़े शहर में फिर से संगठित हो रहे हमास के आतंकवादियों के खिलाफ किया गया। हमले में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

### कई क्षेत्रों में दोबारा घुसी इजरायली सेना

पिछले दो हफ़्तों में, इजरायली सेना ने कई क्षेत्रों में फिर से प्रवेश किया है। सेना का मानना है यह कि हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के लड़ाके साल की शुरूआत से फिर से संगठित हो गए हैं।

हमास ने कहा है कि शहर में इजरायल की फिर से सक्रियता संभावित युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के सौदे पर बातचीत को पटरी से उतारने की धमकी दे रही है। यह बातचीत बुधवार को कतर में फिर से शुरू हुई। इस वार्ता में मिस्र, अमेरिका और इजरायल के खुफिया प्रमुखों के साथ-साथ कतर के प्रधानमंत्री भी शामिल हो रहे हैं।

**'वार्ता पर दबाव बनाने की कोशिश' :** हमास के शीर्ष अधिकारी होसम बदरान ने एएफपी को बताया कि इजरायल 'बमबारी अभियान, विस्थापन और नरसंहार को तेज करके वार्ता पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है।' इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक 'लाल रेखाएं संरक्षित हैं' तब तक इजरायल समझौते के लिए प्रतिबद्ध है।

**'मैं नहीं जाऊंगा' :** बीबीसी रिपोर्ट के मुताबिक अनुमान है कि गाजा शहर में अभी भी 2.5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। इजरायली सेना द्वारा वहां पर्चे गिराए जाने के बाद कुछ लोग दक्षिण की ओर पलायन करते देखे गए। हालांकि, अन्य लोग वहां से जाने के लिए तैयार नहीं थे।

पर्चों में लोगों से शहर से चले जाने को कहा गया था। हालांकि एक इजराइली अधिकारी ने बीबीसी को बताया कि यह एक निर्देश के बजाय एक सिफारिश थी।

47 वर्षीय निवासी इब्राहिम अल-बरबारी ने बीबीसी से कहा, 'मैं गाजा नहीं छोड़ूंगा। मैं वह बेवकूफी भरी गलती नहीं करूंगा जो दूसरों ने की है। इजरायली मिसाइलें उत्तर और दक्षिण में अंतर नहीं करती हैं। अगर मौत मेरी और मेरे बच्चों की नियति है, तो हम अपने घरों में सम्मान और गरिमा के साथ मरेंगे।' फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट ने कहा कि उसे कुछ निवासियों से कॉल आई हैं जो बमबारी की तीव्रता के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इसने कहा, ह्यगाजा शहर से आने वाली जानकारी से पता चलता है कि निवासी दुखद परिस्थितियों में रह रहे हैं।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग लेकर किया प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर संघर्षरत जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। फाउंडेशन की मांग का समर्थन करने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं ऑल राजपूत ऑर्गेनाइजेशन, साहिबाबाद एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रदर्शन में पहुंचे और अपना समर्थन पत्र दिया। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के महासचिव





नरेन्द्र त्यागी ने बताया कि देश में जनसांख्यिकीय असंतुलन से भारत व सनातन धर्म पर अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। फाउंडेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनवाने की मांग को लेकर काफी समय से आंदोलन चलाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से सहमति पत्र लेकर केन्द्र सरकार को भेजे जा चुके हैं, बावजूद इसके संसद में इस कानून को बनवाने की मांग नहीं उठाई जा रही है। इसलिए फाउंडेशन ने सभी जिला मुख्यालयों पर गुरुवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। एडीएम ने प्रदर्शन कर रहे संस्था के लोगों के बीच आकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन लिया।

प्रदर्शन में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, राष्ट्रीय महासचिव वंदना त्यागी , महानगर अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी राष्ट्रीय महासचिव वित्त नरेंद्र त्यागी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नेपाल सिंह ,हरपाल सिंह, महेश आहूजा ,अमरदत्त शर्मा, डॉ आर के पोद्दार, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी , महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष हेमा शारदा,गोपाल अग्रवाल, मोहित त्यागी, रिंकू त्यागी, रीना त्यागी, मुकेश त्यागी, मनोज त्यागी, त्रिलोक चौधरी, महिला विंग महानगर अध्यक्ष वर्षा हजेला , निर्मला उपाध्याय , विनीत शर्मा, राजू चौधरी, अमित रंजन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त को लिखा पत्र, निरीक्षण के बाद भी वार्ड-95 की समस्या का समाधान नहीं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड- 95 की पार्षद रुकसाना सैफी और पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि उनके द्वारा वार्ड-95 में भेजे गये वबाग कम्पनी के अधिकारी डी. पी. एम, कमल देवल, मैनेजर नरेश चौधरी , जोनल इंचार्ज गौरव शर्मा आये जिन्हें वार्ड की सीवर की समस्याओं को मौके पर ले जाकर दिखाया गया। क्षेत्र की सभी सीवर लाइनें ओवर फ्लो दिखाई गई, वार्ड में एक भी सीवर कर्मचारी ना होने के कारण सीवर लाइनों का ये हाल हुआ है। पत्र में कहा गया है कि वबाग कंपनी के ठेकेदार सुनील त्यागी के आदमी अमित राघव ने वार्ड का जानबूझ कर सत्यानाश कर रखा है और दबंगई दिखता है। जाकिर सैफी ने कहा है कि पूरे वार्ड में 20 से अधिक जगहों पर सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। जलकल जीएम केपी आनंद 2 बार सीवर लाइनों को देख गये हैं और ठेदार को निर्देश भी देकर गये थे। सहायक अभियंता आस कुमार व अवर अभियंता अजय कुमार भी कई यहां की






समस्याओं को देखकर दिशा निर्देश दे चुके हैं फिर भी इन वबाग के लोग समस्या पर कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं। श्री सैफी ने कहा है कि गर्मी के मौसम में सीवर लाइनों का बुरा हाल होने से गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

# अचानक ब्रेक लगने से स्कूटी से गिरकर युवती की मौत

**गाजियाबाद।** वेव सिटी क्षेत्र के लाल कुआं के पास बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक ब्रेक लगाने पर असंतुलित होकर स्कूटी पर पीछे बैठी ईशा झा सड़क पर गिर गईं। हादसे में उनकी मौत हो गई। वह अपने पिता के साथ स्कूटी से दादरी की ओर जा रही थीं।

एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि महिंद्रा एंक्लेव निवासी प्रदीप झा अपनी बेटी ईशा झा के साथ स्कूटी से छपरौला दादरी की ओर जा रहे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि जैसे ही वह लाल कुआं पर केशल धनवंती अस्पताल के पास पहुंचे तो उनकी स्कूटी के सामने एक वाहन आ गया। जिस कारण उन्हें स्कूटी के ब्रेक लगाने पड़े। ऐसे में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और बेटी गिर गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



## वाहन की टक्कर से रिक्शा चालक की मौत

गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र में राठी मिल के पास रिक्शा चालक रामकरण (40) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह हुआ। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि रामकरण क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के सेन विहार के रहने वाले थे। घटना स्थल पर जानकारी करने से पता चला कि अज्ञात वाहन से टकरा जाने के कारण मौत हो गई। वाहन की पहचान के लिए आसपास की सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।

# अर्थला में 50 से अधिक दुकानों पर चला बुलडोजर

**साहिबाबाद।** जीटी रोड स्थित अर्थला में बुधवार को नगर निगम ने नाले के ऊपर अतिक्रमण कर बनीं 50 से अधिक दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया। नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। जोनल प्रभारी ने सहायक पुलिस आयुक्त और थानाध्यक्ष को पत्र लिख इस कार्रवाई की सूचना दी थी।



मोहननगर जोनल प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि नाले के ऊपर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अर्थला में जीटी रोड से रेलवे लाइन तक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया गया। नालों के ऊपर बने सीमेंटेड व लकड़ी के रैंप, टीन शेड को जेसीबी की मदद से हटाया गया। प्रवर्तन दल सहित पुलिस और अन्य अधिकारियों की मदद से यह कार्रवाई की गई। राजस्व निरीक्षक धनवीर सिंह, सफाई निरीक्षक नरेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष का कारावास

**गाजियाबाद।** विजयनगर क्षेत्र में 11 वर्ष पहले किशोरी से दुष्कर्म के दोषी चाय विक्रेता जॉनी को पॉक्सो कोर्ट ने सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अदालत के विशेष न्यायाधीश लालबाबू यादव ने दोषी पर 27 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के पिता ने विजयनगर थाने में नवंबर 2013 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी के पिता ने थाने में बताया था कि उनकी बेटी एक नवंबर 2013 को लापता हो गई थी। परिजनों ने उसे सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली थी।

# लोहा मंडी में किया जाएगा पौधरोपण : डॉ. अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रकृति को हरा भरा रखने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के क्रम में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में बड़ी संख्या में पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन और महामंत्री अंबरीश जैन बंटू ने वन विभाग की नर्सरी का भ्रमण करके पौधों का चयन किया है और अधिकारियों से कुछ बड़े पौधे उपलब्ध कराने का निवेदन किया है। विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्ष और कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने वाले और अधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी ।इस कार्य में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के सभी सदस्यों और लोहा मंडी के व्यापारियों ने सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# गाजियाबाद में सैलून वर्कर की एक्सीडेंट में मौत

## मंडोला गांव के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में दिल्ली-सहारनपुर ओल्ड हाईवे पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में सैलून वर्कर की मौत हो गई। वो स्कूटी से घर लौट रहा था और तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ये हादसा ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में गांव मंडोला के आसपास हुआ है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय सागर निवासी गांव बिजरौल, जिला बागपत के रूप में हुई है। वो नोएडा के एक सैलून में काम करता था। बुधवार रात सागर सैलून से स्कूटी लेकर घर जा रहा था। मंडोला गांव के सामने सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सागर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।



परिजनों ने बताया कि सागर ही खर्च का ज्यादातर खर्च चलाता था। सागर के दो भाई कंप्टीशन की तैयारी कर रहे हैं। इसमें भी वो आर्थिक रूप से मदद करता था। इधर, अउढ सूर्यबली मौर्य ने बताया- आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# टीम 'हम' ने महामहिम राष्ट्रपति के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया ज्ञापन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टीम हम के कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पर दिया। टीम हम के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में तमिलनाडु के बसपा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट के.आर्मस्ट्रॉन के हत्यारों पर सख्त सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि तमिलनाडु के एक मान्यता प्राप्त और सम्मानित राजनेता एडवोकेट के.आर्मस्ट्रॉन की हाल ही में हुई क्रूर मौत ने एक बार फिर हमारे देश में अनुसूचित जातियों के लोगों के खिलाफ किए जाने वाले लगातार और गंभीर अत्याचारों को उजागर किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि जाति आधारित अत्याचारों से निपटने के लिए प्रभावी उपाय तैयार करने के लिए संसद में व्यापक चर्चा शुरू की जाये। अनुसूचित जातियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए न केवल कड़े कानून बनाए जाएं, बल्कि उनका सख्ती से पालन भी किया जाए। जाति आधारित भेदभाव और हिंसा जैसे कृत्य के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने की सख्त जरूरत है। प्रशासनिक और सामूहिक प्रयास के माध्यम से ही हम एक ऐसे समाज का निर्माण करने की उम्मीद कर सकते हैं जहां हर व्यक्ति, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो, गरिमा और सम्मान के साथ रह सके।

ज्ञापन देने वालों में पूनम बौद्ध,रीना बौद्ध, विमलेश बौद्ध,रिंकी बौद्ध, मीनाक्षी, विपिन केसरी,प्रीति, मुन्नी राणा, एडवोकेट नीलम सिंह तोमर, शारदा,एडवोकेट रेखा, एडवोकेट मनीषा सिंह, प्रवेश कुमार, प्रणवीर सिंह व्यास (पूर्व अधक्ष डॉ. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति महानगर गाजियाबाद), श्याम गौतम, तरुण कुमार, रियास ,गजेंद्र सिंह,शिव कुमार, राकेश कुमार, विजय बौद्ध, जुगनू गौतम आदि शामिल रहे।

# नोएडा में चलती बस में लगी आग

## चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान

## बुझाने में लगे 2 घंटे, रुकवाया गया ट्रैफिक





**नोएडा।** नोएडा में सिटी सेंटर के पास एक बस में आग लग गई। चालक और परिचालक ने वहां से दूर चले गए। आग इंजन में लगी। इसके बाद तेजी फैली और मिनटों में पूरी बस इसकी चपेट में आ गई।

ड्राइवर बस में वेल्डिंग करवाकर वापस लौट रहा था। बस सीएनजी थी। सिलेंडर तक आग पहुंचने से पहले ही बुझा ली गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने आग की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल की टीम ने पहले यातायात को बंद किया। इसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। जन हानि की सूचना नहीं है। ये बस एक निजी बस ऑपरेटर संचालित करता था। आग के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। दमकल की तीन गाडियों को भेजा गया है। आग को बुझा दिया गया है। साथ ही क्रेन की मदद से बस का साइड में किया गया, जिसके बाद यातायात को खोला गया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सामने आया है रेखा पार के एक पूर्व भगवा मैम्बर का दोहरा कैरेक्टर? पता चला है वो एक रजिस्ट्रेशन नंबर पर चला रहे थे दो-दो ट्रैक्टर? मगर ज्यादा दिन तक नहीं चल पाया उनका ये झोल? खोलने वालों ने खोल दी उनकी पोल? सुना है अब इस जंजाल से निकलने का वो कर रहे हैं पूरी शिद्दत से प्रयास? मगर तमाम जोर लगाने के बावजूद नहीं बन पा रही है उनकी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मैम्बर सौलंकी जब उठाते हैं कोई सवाल? तो फिर उसमें नहीं दिखाई देती कोई नौटंकी? प्रभारी मंत्री के सामने उन्होंने खुल कर कर दिया अपना दर्द-ए-दिल शेयर? कहा हमारे सामने बागी होकर चुनाव लड़ने वालों को फिर से पार्टी में ले लिया गया? हमें समझ नहीं आता क्यों होती है इस तरह से बगावत करने वालों की केयर? सुना है इससे पहले और ज्यादा फूटते सौलंकी भैया के जज्बात? सामने से उनको किसी मजबूत चेहरे ने बैठने का इशारा कर दिया? कहा जितना आपने कहा है समझ आ गई है हमको बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मैम्बर संजय भैया करते हैं हमेशा अपने मौहल्ले की तरह 100 टका बात? जब प्रभारी मंत्री थे बैठक में मौजूद? तब उन्होंने बाहर निकाले अपने जज्बात? कहा गाजियाबाद में कोई भी बैठक होती है उसमें हमेशा होते हैं एक से ही चेहरों के दीदार? ये चेहरे ओबीसी, प्रबुद्ध और पार्टी के तमाम कार्यक्रमों में एक समान रूप से नजर आते हैं? करने वाले कुछ तो फार्मेट चेंज करें? कम से कम नए चेहरों से पुराने चेहरों को एक्सचेंज करें?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे-जैसे बढ़ रही है नदिया पार वाले भगवा कमिश्नर बख्शी जी की ताकत? वैसे-वैसे बैठ रहे हैं उनके विरोधियों के दिल? जिन कराकोटी और रतूड़ी जी के विवाद को खत्म कराने में बख्शी जी ने निभाई है बड़ी भूमिका? उसको लेकर विरोधी हो रहे हैं तिलमिल? बख्शी जी की ताकत नहीं हो रही है किसी को हजम? कमजोरी वाले संदेश देकर ये चेहरे खुद पर ही कर रहे हैं सितम? आगे आकर विवाद तो खत्म कर नहीं पाये और भर रहे हैं खम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के त्यागी चेहरे को शहर विधानसभा पर गुर्जर समाज की संख्या को लेकर अभी भी है डाउट? सुना है पार्टी के वरिष्ठ चेहरे कर रहे हैं अपने खास लोगों में अपनी भावनाएं आउट? कह रहे हैं ये जितना भी बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है गुर्जर समाज का जनाधार? इस जनाधार को बढ़ाने के पीछे भगवा पहलवान का काम कर रहा है विचार? अब देखों जब से संभाली है उन्होंने संगठन की जिम्मेदारी? तब से संगठन और संगठन के मोर्चों में उनके समाज को जिम्मेदारियां मिली हैं खूब सारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के जो भगवा मैम्बर भगवान का नाम लेकर करते हैं अपने कार्यों की शुरूआत? हमें पता चला है हाल ही में उन्होंने एक संस्थान के उद्घाटन का फीता काटा था साहब? यहां तक तो बात थी मगर हमें उम्मीद नहीं थी कि जिस सस्थान का इन्होंने फीता काटा है उसी की उतार देंगे फीत? भगवा मैम्बर ने इस संस्थान पर पड़वा दिया छापा? कहने वाले कह रहे हैं ये हमें समझ नहीं आ रहा? आखिर क्या कमी रह गई थी, ये जानना चाह रहे हैं हमारे काका?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी ना करें करने वाले अपनी सक्रियता का खर्चा? हमें अंदर से पता चली है बात? नामित वाले में नहीं हुई है अभी तक कोई चर्चा? पार्टी ने अभी तक नहीं मांगी है इस बारे में कोई सूचना? संगठन ने अभी नहीं किया है इस मामले में किसी से भी पूछना? इसलिए अपने मन को कर लें दावेदार राय शांत? मगर ना जाने क्यों एक्टिव नजर आ रहे हैं हमारे भैया कांत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हर चुनाव में हो जाती है जिन वैश्य की दावेदारी अपडेट? ऐसे कैप्टन साहब की विधानसभा चुनाव वाली दावेदारी का हम कर रहे हैं पूरी शिद्दत से वेट? अभी तक ना जाने क्यों प्रकट नहीं किया है उन्होंने अपना विचार? वैश्य कोटे में तो नोएडा वाले मनोज भैया की तरह वो भी हैं गाजियाबाद शहर सीट से मजबूत दावेदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा वालों को कर लेनी चाहिए एक बार बसपा वालों की वोट वाली रिपोर्ट चैक? तब उन्हें पता चलेगा कि जिन बिरादरियों को उन्होंने कम करके आंका है? उन बिरादरियों का बसपा वाले खेमे में दिख रहा है स्वैग? जिस बिरादरी को भगवा वालों ने दिखाया है दस हजार के नजदीक? बसपा वालों की रिपोर्ट उस बिरादरी को लेकर कर रही है चालीस हजार की तस्दीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बार फिर आ गया है नवयुग वाले एरिया में नव सी नीत वाले गुप्ता जी को भगवा पर प्यार? हमने देखा बहुत दिन बाद हुए उनके पार्टी कार्यालय पर दीदार? उनके दीदार पर ले रहे थे मिस्टर नागर बार बार तंज? ऐसा लग रहा था जैसे निकाल रहे हों वो कोई सोच समझकर रंज? जितने भी चेहरे आ रहे थे वो गुप्ता जी को देखकर हो रहे थे काफी ज्यादा दंग?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। परिवार क्या है संस्कार क्या है ये मयंक गोयल से बेहतर कोई नहीं जानता है। ये गुण उन्हें विरासत में मिले हैं। उनकी भांजी अनन्या गुनगुन ने जब सीए इंटर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की तो इस खुशी को मयंक गोयल ने साझा किया। भांजी के संघर्ष का जिक्र किया और सुखद भविष्य की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

